उत्तर— यह कथन सही है कि अपने जीवन काल के लगभग 73 वर्षों में संयुक्त राष्ट्रसंघ (UNO) अनेक भागों में छिड़े अनेक राष्ट्रों के मध्य संघर्षों, झड़पों और युद्धों को पूरी तरह नहीं रोक सका। यह भी है कि प्रत्येक युद्ध का दुष्परिणाम प्रभावित लोगों को जान-माल और सम्मान की हानि के रूप में झेलना है। इसे भी संयुक्त राष्ट्रसंघ नहीं रोक सका लेकिन यह भी सत्य है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ अपनी पूर्ववर्ती राष्ट्रसंघ (League of nations) की तरह दूसरे विश्व युद्ध के बाद असफल नहीं हुआ और तीसरे विश्व युद्ध को साकार रूप नहीं होने दिया।

अनेक असफलताओं के बावजूद संयुक्त राष्ट्रसंघ को बनाए रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि

(1) आज संयुक्त राष्ट्रसंघ में 193 देश इसके सदस्य बन चुके हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा, प्रभावशाली अन्तर्राष्ट्रीय मंच है। यहाँ पर अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति, सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक समस्याओं पर खुले मस्तिष्क से विचार-विमर्श होता है। निःसंदेह इससे अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण को सौहार्द्रपूर्ण बनाये रखने में प्रभावी मदद मिली है।

(2) यह सही है कि कुछ राष्ट्रों के पास अणु और परमाणु बम हैं लेकिन यह भी सही है कि बड़ी संहारक के प्रभाव के कारण पर्याप्त सीमा तक सर्वाधिक भयंकर हथियारों के निर्माण और रासायनिक व जैविक हथियारों के प्रयोग और निर्माण को रोकने में इस संस्था को सफलता मिली है।

प्रश्न 3. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगों के नाम लिखिए व उसके उद्देश्य समझाइए। (म. प्र. 20

उत्तर—संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग महासभा, सुरक्षा परिषद्, आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्, परिषद्, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय तथा सचिवालय हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्य—संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा-पत्र के अनुसार इसके प्रमुख उद्देश्य प्रकार हैं—

(1) युद्ध एवं विवादों का शान्तिपूर्ण समाधान—अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा का अनुकरण तथा इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शान्ति विरोधी तत्वों के निराकरण एवं आक्रामक कृत्यों व शान्ति के अतिक्रमणों के दमन के लिए प्रभावकारी सामूहिक उपाय करना संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य उद्देश्य है। यह अन्तर्राष्ट्रीय झगड़ों का समाधान अथवा समझौता करता है जिनमें विश्व शान्ति भंग होने का भय है।

(2) समाधिकार एवं आत्म निर्णय—राष्ट्रों के समान अधिकारों एवं आत्म निर्णय के आधार विश्व के देशों के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों का विकास तथा विश्व शान्ति को सुदृढ़ बनाने हेतु अन्य उपाय भी संयुक्त राष्ट्र संघ का ही उद्देश्य है।

(3) विभिन्न समस्याओं का समाधान—संयुक्त राष्ट्र संघ का एक अन्य उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान हेतु अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करना एवं मानवाधिकारों मूलभूत स्वतन्त्रताओं के प्रति सम्मान की भावना का परिवर्द्धन करना है।

राजनीति विज्ञान (म. प्र.) : कक्षा XII | 61

(4) समन्वय की स्थापना—इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रस्तुत विविध राष्ट्रों के क्रियाकलापों में सामंजस्य बनाए रखने के लिए एक केन्द्र की स्थापना करना भी संयुक्त राष्ट्र संघ का ही उद्देश्य है।

प्रश्न 4. संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के योगदान का वर्णन कीजिये।

उत्तर—संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना सन् 1945 में विश्व शांति व सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गयी थी। भारत सन् 1945 से ही सं. रा. संघ का सदस्य है। भारत का सं. रा. संघ के मूलभूत उद्देश्यों में अटूट विश्वास रहा है। इसीलिये भारतीय संविधान में इसके उद्देश्यों को ग्रहण करते हुए कहा गया है कि भारत विश्व शांति एवं अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने वाली नीति का पालन करेगा। सं. रा. संघ में भारत का पूर्ण विश्वास प्रकट करने के उद्देश्य से ही 'काश्मीर का मामला' वहाँ से ले जाया गया अन्यथा भारतीय सेना विजय की ओर अग्रसर थी। भारत का संयुक्त राष्ट्र संघ को शक्तिशाली बनाने में महान् योगदान रहा है, जिन्हें निम्न शीर्षकों में बाँट सकते हैं—

(1) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा को बढ़ाने में योगदान—भारत की प्रत्येक अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को सं. रा. संघ के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने की नीति रही है। कोरिया, कांगो, फिलीस्तीन, नामीबिया आदि की समस्या भारत के ही प्रयत्नों से सुलझायी गयी।

(2) संयुक्त राष्ट्र संघ को विश्वव्यापी संस्था बनाने में सहयोग—अमेरिका और रूस में पारस्परिक विरोध के कारण अनेक देशों को संघ का सदस्य नहीं बनाया जा रहा था। सन् 1957 में भारत के ही प्रयत्न से सभी में सहमति हो गई तथा एक साथ 16 देशों को संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बनवाया गया। इसी प्रकार भारत ही प्रयत्न से चीन को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थायी सदस्य बनाया गया।

(3) रंग-भेद की नीति के विरुद्ध संघर्ष—भारत ने सं. रा. संघ के उद्देश्यों में आस्था रखते हुए सदा ही अफ्रीका के रंगभेद पूर्ण नीति का प्रत्येक अन्तर्राष्ट्रीय मंच में विरोध किया है।

(4) आर्थिक व सामाजिक समस्याओं के समाधान में भूमिका—भारत ने विश्व स्तर पर इन समस्याओं के समाधान के लिए सं. रा. संघ की विभिन्न एजेन्सियों जैसे—यूनेस्को, यूनिडो आदि की गतिविधियों में निरन्तर भाग लिया है।

(5) निःशस्त्रीकरण के लिए प्रयास—गैर-आण्विक व आण्विक अस्त्रों से सम्पूर्ण मानव जाति को उत्पन्न हो गया है। अतः भारत ने इस खतरे को समाप्त करने के लिए हमेशा निःशस्त्रीकरण का समर्थन किया है।

(6) मानव अधिकारों की रक्षा—वियतनामी जनता, दक्षिण अफ्रीका के काले लोगों, श्रीलंका के तमिलों, फिलीस्तीनियों आदि का समर्थन भारत ने किया है क्योंकि सं. रा. संघ का उद्देश्य मानव अधिकारों को सुरक्षित रखना है।

(7) उपनिवेशवाद का विरोध—भारत ने प्रारम्भ से ही एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के राष्ट्रों की जनता का उपनिवेशवाद के विरुद्ध संघर्ष में हमेशा साथ दिया है।

(8) संयुक्त राष्ट्र संघ की समितियों और आयोगों में भारतीय—(1) कोरिया और कांगो में शान्ति स्थापनार्थ भारतीय सैनिक भेजे गये। (2) सं. रा. संघ की साधारण सभा की अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित ही चुनी गई थीं। (3) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत को स्थायी स्थान प्राप्त है। सन् 1950 में भारत आर्थिक और सामाजिक परिषद् का सदस्य चुना गया। इसके अतिरिक्त समय-समय पर अनेक भारतीय इस संस्था की समितियों में चुने जाते रहे हैं। ●●

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



56 | युगबोध परीक्षा बोध

युद्ध को बंद कराया, अरब—इजराइल युद्ध विराम, दक्षिणी कोरिया को उत्तरी कोरिया के आक्रमण से, ब्रिटेन, फ्रांस और इजराइल के आक्रमण से मिश्र को बचाया।

2. साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद का उन्मूलन—24 दिसम्बर सन् 1960 को महासभा ने [illegible] उपनिवेशवाद को पूर्ण रूप से समाप्त करने की घोषणा की। इण्डोनेशिया, मोरक्को, ट्यूनिशिया आदि को [illegible] को स्वतंत्र कराने में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही ।

3. गैर राजनीतिक क्षेत्रों में सफलता—संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवतावादी, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में उपलब्धियाँ प्रशंसनीय हैं। इस दृष्टि से इसकी कई विशिष्ट संस्थाएँ हैं, जैसे [illegible] शिक्षा व साहित्य के विकास में योगदान दिया है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य में [illegible] सुधारने व महामारी नियंत्रण के क्षेत्र में, खाद्य संगठन ने अन्न का उत्पादन कर भुखमरी का निवारण किया [illegible] कल्याण कोष (यूनीसेफ) के द्वारा बच्चों तथा जच्चाओं के स्वास्थ्य के विकास का कार्य किया गया है।

4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का निर्माण करने का मंच—संयुक्त राष्ट्र संघ एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, महान् राष्ट्र बैठकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

5. अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का आदर एवं पंजीकरण—अंतर्राष्ट्रीय विधियों को पंजीकृत करने का [illegible] संघ द्वारा स्थापित आयोग, सचिवालय, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय, मानव अधिकार आयोग आदि द्वारा किया [illegible]

6. नैतिक दबाव का साधन—संयुक्त राष्ट्र संघ आक्रामक राष्ट्रों पर अपना नैतिक दबाव डालकर [illegible] सही रास्ते पर आने के लिए बाध्य करता है।

प्रश्न 8. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगों का वर्णन कीजिए।

उत्तर—संयुक्त राष्ट्र संघ के अंग निम्नलिखित हैं—

1. महासभा—महासभा के कार्य— (1) संयुक्त राष्ट्र संघ का बजट पास करना। (2) सुरक्षा परिषद् [illegible] अन्य संस्थाओं/संगठनों की रिपोर्ट पर विचार करना। (3) न्यास परिषद् पर निरीक्षण। (4) अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग [illegible] उद्देश्यों से आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य के सम्बन्ध में अध्ययन व जाँच-पड़ताल [illegible] करवाना तथा इससे सम्बन्धित सिफारिशें करना और (5) प्रत्येक व्यक्ति को बिना जाति, लिंग भाषा व [illegible] मानव अधिकार तथा मौलिक स्वतन्त्रता का उपयोग करने में सहायता देना।

2. सुरक्षा परिषद्— सुरक्षा परिषद् के 5 स्थायी सदस्य (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन तथा सं. रा. अमेरिका) [illegible] और 10 अस्थायी सदस्य होते हैं, प्रत्येक सदस्य का एक वोट है।

3. न्यास परिषद्— इसके 12 सदस्य हैं जिनमें चार प्रबन्धकर्ता देश हैं, तीन सुरक्षा परिषद् के [illegible] सदस्य और पाँच निर्वाचित सदस्य हैं। प्रत्येक सदस्य का एक ही वोट होता है।

परिषद् के कार्य— संयुक्त राज्य घोषणा-पत्र में प्रावधान है कि उन प्रदेशों में जहाँ अभी पूर्ण स्व [illegible] शासन नहीं हैं उनके निवासियों के हितों की रक्षा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय न्यास व्यवस्था कायम की जाए। [illegible] अलग-अलग न्यास समझौतों के अनुसार इनको संयुक्त राष्ट्र शासन के अधीन रखा जाए; इन प्रदेशों को न्यास [illegible] प्रदेश कहते हैं।

4. सचिवालय—(1) सचिवालय का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी महासचिव है। (2) महासचिव [illegible] नियुक्ति 5 वर्षों के लिए की जाती है। (3) महासचिव सचिवालय के कर्मचारियों की नियुक्ति करता [illegible] (4) अपने कार्यकाल में सचिवालय के सभी कर्मचारी विश्व नागरिक हो जाते हैं।

5. आर्थिक तथा सामाजिक परिषद्— महासभा के अधीन अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक, शिक्षा [illegible] सम्बन्धी, सांस्कृतिक, स्वास्थ्यपरक तथा एतत्सम्बन्धी जितने भी प्रकार्य संयुक्त राष्ट्र के हैं, उन सबका कार्यान्वि [illegible] करना परिषद् का उत्तरदायित्व है। इसके 54 सदस्य हैं जो महासभा के 2/3 बहुमत द्वारा चुने जाते हैं।

6. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय—

(1) स्थापना— 3 अप्रैल, 1946। यह न्यायालय हेग (नीदरलैण्ड्स) में है।

(2) उद्देश्य— अन्तर्राष्ट्रीय न्याय के लिए गठन।

(3) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या 15 है।

(4) ये न्यायाधीश अपने में से ही एक सभापति तथा उपसभापति को 3 वर्ष के लिए चुनते हैं।

(5) न्यायाधीशों का चुनाव सुरक्षा परिषद् तथा महासभा द्वारा 9 वर्ष के लिए किया जाता है।

प्रश्न 9. विश्व बैंक के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर—विश्व बैंक के निम्नांकित प्रमुख कार्य होते हैं—

(1) विश्व बैंक अपने सदस्य राष्ट्रों को विकास योजनाओं के लिये ऋण प्रदान करता है।

(2) यह किसी भी गैर-सरकारी संस्था को ऋण प्रदान कर सकता है।

(3) विश्व बैंक ऋण की मात्रा और गारंटी आदि के निर्धारण का कार्य करता है।

(4) विश्व बैंक निरीक्षण का भी कार्य करती है, वह यह देखता है कि ऋण लेने वाले देशों ने जिस विकास कार्य के लिये ऋण लिया था, उसका उपयोग उसी उद्देश्य के लिये तो किया गया है।

(5) विश्व बैंक सदस्य देशों की तकनीकी सहायता भी प्रदान करता है। इसके लिये विश्व बैंक अपने आर्थिक सलाहकारों को सदस्य देश में उनकी आर्थिक स्थिति की समीक्षा एवं जानकारी के लिये भेजता है।

(6) विश्व बैंक सदस्य देशों के अधिकारियों को विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन का प्रशिक्षण भी देता है।

(7) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को दीर्घ स्थायी संतुलित वृद्धि को बढ़ावा देना, सदस्य राष्ट्रों के उत्पादक संसाधनों के विकास के लिये अन्तः निवेश को प्रोत्साहन देना, सदस्य राष्ट्रों में भुगतान संतुलन को बनाये रखना तथा सदस्य राष्ट्रों में लोगों, कर्मिकों के जीवन स्तर और परिस्थितियों में सहयोग देना आदि विश्व बैंक के प्रमुख कार्य हैं।

इस प्रकार विश्व बैंक उपर्युक्त प्रमुख कार्यों का संपादन करता है। विश्व बैंक ने अपनी छोटी अवधि में ही अल्पविकसित तथा छोटे देशों को बड़े पैमाने पर ऋण प्रदान किया है। विश्व बैंक की अधिकृत पूँजी 10 बिलियन डालर है जो एक-एक लाख डालर के एक लाख हिस्सों में विभक्त है इसमें से 9400 मिलियन डालर वास्तव में अभिदत्त (Subscribed) था।

प्रश्न 10. यूनेस्को के द्वारा संपादित कार्यों की समीक्षा कीजिए।

उत्तर—यूनेस्को निम्नांकित कार्यों को सम्पन्न करता है—

1. शिक्षा—शिक्षा का विस्तार यूनेस्को का मौलिक दायित्व है। अपने शिक्षा अभियान में इस संस्था ने साक्षरता में वृद्धि तथा मौलिक शिक्षा के प्रसार पर अधिक ध्यान दिया है। यूनेस्को सामूहिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देता है। विश्व के निर्धन लोगों के लिये यूनेस्को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करता है। अपनी शिक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में इसने वाचनालयों, शिक्षा-केन्द्रों, सम्मेलनों का आयोजन तथा विषय विशेषज्ञों को विश्व के कोने-कोने में भेजा है।

2. विज्ञान—यूनेस्को ने प्राकृतिक तथा सामाजिक विज्ञानों के विकास पर ध्यान दिया है। प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक संगठनों की सहायता, अनुसंधान तथा प्रकाशन का कार्य करता है। सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में यूनेस्को ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों, शोधों, सामाजिक विज्ञान संस्थाओं तथा गैर सरकारी संस्थानों को सहायता प्रदान की है।

3. संस्कृति—यूनेस्को अन्तर्राष्ट्रीय जगत की सांस्कृतिक सम्पत्ति को मानव जाति की विरासत मानता है तथा उसे संरक्षित करना चाहता है। इस दिशा में यूनेस्को ने भारत, कोलंबिया तथा नाइजीरिया में तीन सार्वजनिक पुस्तकालय खोले हैं। इस संगठन ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम योजना के अधीन अनुसंधान सभा सम्मेलन, विचार गोष्ठियों का आयोजन, इतिहास लेखन आदि क्रियाओं को बढ़ावा दिया है।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



52 | बुनबोध परीक्षा बोध

13. अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का
14. सुरक्षा परिषद् के निर्णय से असन्तुष्ट होने पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव वीटो का प्रयोग
15. रूजवेल्ट के परामर्श पर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना की गई।
16. विश्व बैंक अपनी अर्जित पूँजी तथा संचित निधि से अधिक ऋण दे सकता है।

उत्तर— 1. सत्य, 2. असत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य, 6. असत्य, 7. सत्य, 8. सत्य, 9. सत्य, 10.
11. सत्य, 12. असत्य, 13. असत्य, 14. असत्य, 15. सत्य, 16. असत्य।

(II) निषेधाधिकार (वीटो) के बारे में नीचे कुछ कथन दिए गए हैं। इनमें प्रत्येक के आगे सत्य या
लिखिए— (NCE

1. सुरक्षा परिषद् के सिर्फ स्थायी सदस्यों को 'वीटो' का अधिकार है।
2. यह एक तरह की नकारात्मक शक्ति है।
3. सुरक्षा परिषद् के फैसलों से असन्तुष्ट होने पर महासचिव 'वीटो' का प्रयोग करता है।
4. एक 'वीटो' से भी सुरक्षा परिषद् का प्रस्ताव नामंजूर हो सकता है।

उत्तर— 1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. सत्य।

(III) संयुक्त राष्ट्रसंघ के कामकाज के बारे में नीचे कुछ कथन दिए गए हैं। इनमें से प्रत्येक के
सत्य या असत्य लिखिए— (NCE

1. सुरक्षा और शान्ति से जुड़े सभी मसलों का निपटारा सुरक्षा-परिषद् में होता है।
2. मानवतावादी नीतियों का क्रियान्वयन विश्व भर में फैली मुख्य शाखाओं तथा एजेंसियों के
3. सुरक्षा के किसी मसले पर पाँचों स्थायी सदस्य देशों का सहमत होना, उसके बारे में लिए गए
4. संयुक्त राष्ट्रसंघ की महासभा के सभी सदस्य संयुक्त राष्ट्रसंघ के बाकी प्रमुख अंगों और
एजेंसियों के स्वतः सदस्य हो जाते हैं।

उत्तर—1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. असत्य।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए—

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा का अधिवेशन कहाँ होता है ?
2. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ स्थित है ?
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन का प्रधान कार्यालय कहाँ है ?
4. संयुक्त राष्ट्र संघ का सबसे महत्वपूर्ण अंग कौन-सा है ?
5. निषेधाधिकार (वीटो पावर) कितने राष्ट्रों को प्राप्त है ?
6. संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?
7. सुरक्षा परिषद् में वर्तमान सदस्य देशों की संख्या कितनी है ?
8. परमाणु अस्त्र अप्रसार संधि कब हुई ?
9. यू.एन.ओ. की घोषणा पत्र (चार्टर) में तिथि क्या है ?
10. विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना कब हुई ?
11. न्यास परिषद् की स्थापना कब हुई ?
12. आर्थिक एवं सामाजिक परिषद् की स्थापना कब हुई ?
13. विश्व डाक संघ का मुख्यालय कहाँ है ?
14. यूनेस्को का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?
15. अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

राजनीति विज्ञान (म. प्र.) : कक्षा XII | 53

16. संघ के सचिवालय का कार्यालय कहाँ स्थित है ?
17. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?
18. संघ के प्रशासकीय अधिकारी का पद नाम क्या है ?
19. संघ के विधान को किस नाम से पुकारते हैं ?
20. वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य संख्या कितनी है ?
21. साल्ट संधि किन राष्ट्रों के मध्य हुई ?
22. भारत विश्व बैंक में किस प्रकार का सदस्य है ?
23. विश्व व्यापार संगठन का गठन कब हुआ ?
24. संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्य देशों के नाम लिखिए ?
25. संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषाएँ कौन-कौन सी हैं ?
26. विश्व व्यापार संगठन के वर्तमान महानिदेशक का नाम लिखिए।
27. विश्व व्यापार संगठन के कार्यकारी मण्डल में कितने सदस्य होते हैं ?
28. यूनेस्को ने 2018 के लिए किसे विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया था ?
29. वर्तमान में न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप (NCG) के कितने देश सदस्य हैं ?
30. संयुक्त राष्ट्र संघ का हृदय कहा जाता है।

उत्तर— 1. न्यूयार्क के मुख्यालय में, 2. नीदरलैण्ड के हेग शहर, 3. जेनेवा, 4. सुरक्षा परिषद्, 5. पाँच राष्ट्रों (अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, चीन) को, 6. 24 अक्टूबर, 7. देशों की संख्या 15 (5 स्थायी, 10 अस्थायी), 8. सन् 1968, 9. 26 जून, 1945, 10. 7 अप्रैल, 1948, 11. 24 अक्टूबर, 1945, 12. 16 नवंबर, 1945, 13. चर्न, 14. पेरिस, 15. वाशिंगटन, 16. न्यूयार्क, 17. न्यूयार्क, 18. "महासचिव", 19. "चार्टर", 20. 193, 21. अमेरिका एवं रूस, 22. मौलिक सदस्य, 23. 1 जनवरी, 1995, 24. अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, 25. अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रांसीसी, रूसी, स्पेनिश, 26. ग्यौशी ओकोंजो इवेला सातवें महानिदेशक हैं जिन्होंने 1 मार्च, 2021 को पदभार ग्रहण किया, 27. 164 सदस्य, 28. तबिलिसी जार्जिया शहर को, 29. 48 देश, 30. सुरक्षा परिषद्।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार बताइए।

अथवा

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के कार्यों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर—अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के क्षेत्राधिकार को निम्नलिखित तीन भागों में बाँटा जाता है—

1. ऐच्छिक क्षेत्राधिकार—वे मामले जिन्हें राज्य पारस्परिक सहमति के उन विवादों को न्यायालय में विचारार्थ प्रस्तुत करें वे ऐच्छिक क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आते हैं।

2. अनिवार्य क्षेत्राधिकार—धारा 36 की उपधारा (2) में यह उल्लेख किया गया है कि वर्तमान राज्य किसी समय यह घोषणा भी कर सकते हैं कि वे न्यायालय के कार्य क्षेत्र को अनिवार्य समझते हैं। यदि दूसरा पक्ष भी यह घोषित करें तो उन मामलों में जो निम्नलिखित विषयों से सम्बन्धित हैं—(1) संधि की व्यवस्था, (2) अन्तर्राष्ट्रीय कानून का कोई प्रश्न, (3) कोई मामला जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय नियम को भंग किया गया है, (4) अन्तर्राष्ट्रीय नियम को भंग करने से होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति का प्रश्न।

3. परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार—चार्टर की धारा 65 के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय को कुछ परामर्श सम्बन्धी कार्य भी करने पड़ते हैं।

प्रश्न 2. "संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधार का अर्थ है सुरक्षा परिषद् के ढाँचे में बदलाव।" इस कथन का सत्यापन करें। (NCERT)

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

1. निषेधाधिकार ..... स्थायी सदस्यों को प्राप्त होता है।
2. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय न्यूयार्क के ..... द्वीप में स्थित है।
3. संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रतिवर्ष ..... की तिथि को मनाया जाता है।
4. संयुक्त राष्ट्र के मुख्य अंगों की संख्या ..... है।
5. संयुक्त राष्ट्र सचिवालय का प्रमुख अधिकारी को ..... कहा जाता है।
6. सन् 1985 में ..... ने यूनेस्को से संबंध विच्छेद कर लिया था।
7. सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों में ..... देश संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रारंभिक सदस्य
8. सुरक्षा परिषद् के सदस्यों की वर्तमान संख्या ..... है।
9. भारत 24 अक्टूबर, 1945 को ..... का सदस्य बना।
10. संयुक्त राष्ट्र संघ के ध्वज (झण्डा) की पृष्ठभूमि ..... रंग की है।
11. संयुक्त राष्ट्र संघ की कुंजी को ..... कहा जाता है।
12. भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का ..... सदस्य है।
13. यूनेस्को महानिदेशक का कार्यकाल ..... का होता है।
14. भारत 30 अक्टूबर, 1945 को ..... का सदस्य बना।
15. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा की स्थापना ..... में हुई।
16. ..... संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव हैं। (NCI
17. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में ..... स्थायी एवं ..... अस्थायी सदस्य है। (NCI
18. संयुक्त राष्ट्रसंघ का मुख्य उद्देश्य ..... है। (NCI
19. संयुक्त राष्ट्रसंघ का सबसे जाना-पहचाना पद ..... का है। (NCI
20. मानवाधिकारों की रक्षा में सक्रिय दो स्वयंसेवी संगठन ..... और ..... हैं। (NCI

उत्तर— 1. पाँच, 2. मैनहट्टन, 3. 24 अक्टूबर, 4. छः, 5. महासचिव, 6. अमेरिका, 7. चीन, 8. 10 अ
5 स्थायी, 9. संयुक्त राष्ट्र, 10. हल्के नीले, 11. सुरक्षा परिषद्, 12. प्रारम्भिक, 13. छः वर्ष, 14.
राष्ट्र संघ, 15. 1945, 16. एंटोनियो गुटेरस, 17. पाँच एवं दस, 18. शान्ति स्थापना, 19. महास
20. एमनेस्टी इन्टरनेशनल, ह्यूमन राइट्स वॉच।

प्रश्न 3. (I) सही जोड़ियाँ बनाइए—

'क'	'ख'
1. परमाणु अस्त्र अप्रसार संधि	(a) 7 अप्रैल, 1948
2. संघ घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर तिथि	(b) सन् 1968
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना तिथि	(c) 16 नवम्बर, 1945
4. न्यास परिषद् की स्थापना तिथि	(d) 24 अक्टूबर, 1945
5. आर्थिक व सामाजिक परिषद् की स्थापना तिथि	(e) 24 अक्टूबर, 1945
6. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना तिथि	(f) 26 जून, 1945
7. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय	(g) हेग
8. विश्व डाक संघ	(h) न्यूयॉर्क
9. विज्ञान एवं सांस्कृतिक संगठन मुख्यालय	(i) वियना
10. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष मुख्यालय	(j) बर्न
11. अंतर्राष्ट्रीय अणुशक्ति अभिकरण	(k) वाशिंगटन
12. संघ के सचिवालय का कार्यालय	(l) पेरिस

13. नि: शस्त्रीकरण आयोग की स्थापना	(m) 1952
14. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना	(n) 1945.

उत्तर— 1. (b), 2. (f), 3. (a), 4. (d), 5. (c), 6. (n), 7. (g), 8. (j), 9. (l), 10. (k), 11. (i), 12. (h), 13. (m), 14. (e).

(II) संयुक्त राष्ट्रसंघ की मुख्य शाखाओं और एजेंसियों का सुमेल उनके काम से करें— (NCERT)

'क'	'ख'
1. आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्	(a) वैश्विक वित्त व्यवस्था की देख-रेख
2. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय	(b) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा का संरक्षण
3. अन्तर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी	(c) सदस्य देशों के आर्थिक और सामाजिक कल्याण की चिन्ता
4. सुरक्षा परिषद्	(d) परमाणु प्रौद्योगिकी का शान्तिपूर्ण उपयोग और सुरक्षा
5. संयुक्त राष्ट्रसंघ शरणार्थी उच्चायोग	(e) सदस्य देशों के बीच मौजूद विवादों का निपटारा
6. विश्व व्यापार संगठन	(f) आपातकाल में आश्रय तथा चिकित्सीय सहायता मुहैया करना
7. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष	(g) वैश्विक मामलों पर बहस मुबाहिसा
8. आम सभा	(h) संयुक्त राष्ट्रसंघ के मामलों पर समायोजन और प्रशासन
9. विश्व स्वास्थ्य संगठन	(i) सबके लिए स्वास्थ्य
10. सचिवालय	(j) सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार की राह आसान बनाना।

उत्तर— 1. (c), 2. (e), 3. (d), 4. (b), 5. (f), 6. (j), 7. (a), 8. (g), 9. (i), 10. (h).

(III) सही जोड़ियाँ बनाइए—

'क'	'ख'
1. संयुक्त राष्ट्रसंघ का संविधान	(a) पन्द्रह
2. संयुक्त राष्ट्रसंघ की विचारात्मक इकाई	(b) हेग (नीदरलैण्ड)
3. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या	(c) महासभा
4. यूनेस्को का मुख्यालय	(d) पेरिस
	(e) चार्टर।

उत्तर— 1. (e), 2. (c), 3. (a), 4. (d).

प्रश्न 4. (I) सत्य/असत्य लिखिए—

1. संयुक्त राष्ट्र संघ के छः प्रमुख अंग हैं।
2. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय पेरिस में है।
3. भारत 30 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
4. सन् 1954 में श्रीमती विजयालक्ष्मी पंडित ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्षता की थी।
5. संयुक्त राष्ट्र ने 15 प्रमुख अभिकरणों की स्थापना की है।
6. संयुक्त राष्ट्र संघ का सचिवालय पेरिस में स्थित है।
7. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 में हुई।
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का सचिवालय न्यूयार्क में स्थित है।
9. विश्व स्वास्थ्य संगठन के तीन प्रधान अंग है।
10. विश्व स्वास्थ्य संगठन 7 अप्रैल, 1948 को स्थापित हुआ।
11. विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय जिनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में है तथा इसके वर्तमान महानिदेशक इथियोपिया के डॉ. टैड्रोस एडरेनॉम गैबरेयेसस हैं।
12. ह्यूमन राइट्स वाच अमेरिका का शासकीय मानवाधिकार संगठन है।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



58 | युगबोध परीक्षा बोध

4. प्रकाशन—यूनेस्को ने जातिवाद,नस्लवाद तथा मिथ्याओं के विरुद्ध साहित्यों का प्रकाशन, इसने अन्तर्राष्ट्रीय जगत में संघर्ष एवं तनावों को दूर करने का प्रयास किया है।

5. विद्वानों का आदान-प्रदान—यूनेस्को विश्व में विभिन्न क्षेत्रों से विद्वानों के आदान-प्रदान, अनुदान, अन्य सम्मेलनों के आयोजन को प्रोत्साहित करता है। यूनेस्को के इस कार्य से विश्व में सद्भावना की वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कार्यों से स्पष्ट होता है कि यूनेस्को ने विशिष्ट समस्याओं के समाधान में जातिगत, पश्चिम के तनाव को कम करने में विशेष सफलता पाई है। मानव जाति की एकता में बढ़ोतरी हुई है। संबंध, अन्तर्राष्ट्रीय संचार के विकास, शिक्षा पुनर्निर्माण तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान में इसके सराहनीय रहे हैं। सामूहिक शिक्षा तथा विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के विकास को इसने संबल प्रदा जातिवाद के उन्मूलन, शरणार्थियों के पुनर्वास तथा विश्व में मानव जीवन का स्तर ऊँचा करने योगदान सराहनीय रहा है।

प्रश्न 11. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के कार्यों को समझाइये।

उत्तर—अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष निम्नांकित कार्य करता है—

(1) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को पारस्परिक सहयोग के आधार पर सुदृढ़ तथा विस्तृत करता है।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय भुगतान में कृत्रिम रुकावट को हटाकर भुगतान के मार्ग को प्रशस्त करता है।

(3) अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय को सुदृढ़ करता है।

(4) अपने सदस्य राष्ट्रों के मध्य वैदेशिक मुद्रा और सोना की बिक्री करता है।

(5) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष लागत के मामले में मुद्रास्फीति को रोकती है तथा आयात पर होने वाले में कमी लाने का प्रयास करती है।

(6) यह अपने सदस्य राष्ट्रों की सरकारों को आर्थिक समस्याओं के संबंध में परामर्श देता है।

(7) सदस्य राष्ट्रों के आग्रह पर यह अपने आर्थिक विशेषज्ञों को उनकी आर्थिक एवं मौद्रिक के समाधान के लिये भेजता है। मुद्रा कोष यथासंभव अपने साधनों की तरलता (Liquidity) पर ध्यान

(8) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष सदस्य राष्ट्रों को ऋण प्रदान करता है।

प्रश्न 12. सुरक्षा परिषद् के कार्य क्या हैं ? (NC

उत्तर— सुरक्षा परिषद् के निम्नलिखित कार्य हैं—

(1) सुरक्षा परिषद् किसी ऐसे मामले पर तुरन्त विचार कर सकती है, जिससे अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति के भंग होने का भय हो।

(2) सुरक्षा परिषद् आक्रामक कार्यवाहियों, विश्व शान्ति के लिए खतरे की सम्भावनाओं और शां किए जाने वाले कार्यों के विषय में कार्यवाही कर सकता है।

(3) सुरक्षा परिषद् प्रादेशिक समस्याएँ सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

(4) चार्टर के अनुच्छेद 83 के अनुसार सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों के संबंध में संयुक्त रा दायित्व ग्रहण किए हैं, उन्हें निभाने की जिम्मेदारी सुरक्षा परिषद् की है।

(5) सुरक्षा परिषद् को विशिष्ट प्रदेशों की निगरानी का अधिकार प्रदान किया गया है।

(6) चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार नए सदस्यों को महासभा सुरक्षा परिषद् की सिफारिश से ही राष्ट्रसंघ का सदस्य बनाती है।

(7) चार्टर के अनुच्छेद 6 के अनुसार यदि कोई सदस्य चार्टर के सिद्धान्तों की बार-बार अवहेलना है, तो सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर महासभा उस सदस्य राष्ट्र को सदस्यता से निष्कासित कर सकती

(8) सुरक्षा परिषद् की सिफारिश के आधार पर ही महासभा न्यायालय के न्यायाधीशों का चुनाव कर महासचिव भी सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर ही महासभा के द्वारा नियुक्त किया जाता है।

(9) सुरक्षा परिषद् चार्टर के संशोधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

प्रश्न 13. संयुक्त राष्ट्र संघ के आधारभूत सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर—संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र के अनुसार संघ के निम्नलिखित आधारभूत सिद्धान्त हैं—

(1) संघ के सभी सदस्य-राष्ट्र प्रभुत्व सम्पन्न और समान हैं। (2) संघ के सभी सदस्य-राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में वर्णित अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वाह निष्ठापूर्वक और पूरी ईमानदारी से करेंगे। (3) संघ के सदस्य-राष्ट्र अपने अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के संचालन में किसी राज्य की अखण्डता तथा राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध धमकी अथवा शक्ति का प्रयोग नहीं करेगा। (4) संघ के सभी सदस्य-राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय विवाद का समाधान शांतिपूर्ण उपायों से करेंगे। जिससे विश्व-शांति, सुरक्षा एवं न्याय की रक्षा हो सके। (5) संघ के सभी सदस्य-राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में वर्णित संघ के सभी कार्यों में संघ को सहायता प्रदान करेंगे तथा वे किसी भी ऐसे राज्य को किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान नहीं करेंगे, जिसके विरुद्ध संघ द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही हो। (6) संघ उन राष्ट्रों से भी, जो संघ के सदस्य नहीं है, घोषणा पत्र में वर्णित अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा वाले सिद्धान्तों का पालन कराने का प्रयास करेगा। (7) संयुक्त राष्ट्र संघ किसी सदस्य राष्ट्र के आन्तरिक विषयों में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

प्रश्न 14. भारत की विश्व-शान्ति एवं अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में भूमिका का उल्लेख कीजिए।

उत्तर—विश्व में शान्ति की स्थापना तथा अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के शान्तिपूर्ण समाधान के 'संयुक्त' राष्ट्र संघ के प्रमुख उद्देश्य की पूर्ति में भारत ने अत्यन्त सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया है। इस दृष्टि से भारत ने निम्नलिखित उल्लेखनीय कार्य किये हैं—

1. कोरिया विवाद—सन् 1950 में उत्तरी और दक्षिणी कोरिया के युद्ध के कारण रूस और अमेरिका के मध्य युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के सुझाव के अनुसार दोनों कोरिया के मध्य युद्ध विराम किया गया तथा भारत की ही देखरेख में दोनों देशों की सेनाओं को सीमा रेखा के पार किया गया।

2. मिस्र का मामला—सन् 1956 में मिस्र द्वारा स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण कर देने के कारण इंग्लैण्ड, फ्रान्स और इजराइल ने मिस्र पर आक्रमण कर दिया। भारत ने इस आक्रमण की निन्दा की तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ मिलकर युद्ध बन्द कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

3. कांगो विवाद—अफ्रीकी देश कांगो में विदेशी सरकारों के इशारे पर गृह-युद्ध आरम्भ हो गया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की अपील पर अपने सैनिकों को भेजकर कांगो की स्वतन्त्रता की रक्षा की।

प्रश्न 15. विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्य लिखिए। **(म. प्र. 2022)**

उत्तर—विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख कार्य निम्न प्रकार हैं—

(1) स्वास्थ्य संगठन का प्रमुख कार्य विश्व के देशों को बीमारियों की रोकथाम हेतु जागरूक करना है।

(2) विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा टीकों एवं औषधियों हेतु अन्तर्राष्ट्रीय मापदण्ड निर्धारित किए जाते हैं।

(3) विश्व स्वास्थ्य संगठन सार्वजनिक सेवा में सक्रिय लोगों को प्रशिक्षण देने का कार्य करता है।

(4) विश्व स्वास्थ्य संगठन सिर्फ रोगों का उन्मूलन ही नहीं करता बल्कि उसका ध्येय सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक कल्याण को प्रोत्साहन देना है।

तार्किक एवं समझ पर आधारित प्रश्न

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता के प्रस्ताव को ज्यादा वजनदार बनाता है— **(NCERT)**

(क) परमाणु क्षमता

(ख) भारत संयुक्त राष्ट्रसंघ के जन्म से ही उसका सदस्य है।

(ग) भारत एशिया में है।

(घ) भारत की बढ़ती हुई आर्थिक ताकत और स्थिर राजनीतिक व्यवस्था।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



90 | युगबोध परीक्षा बोध

15. आर्थिक नियोजन प्रत्येक समाज की आवश्यकता बन चुका है।
16. प्रथम पंचवर्षीय योजना में सर्वोच्च प्राथमिकता कृषि क्षेत्र को दी गई।
17. 1966 की प्रथम हरित क्रान्ति में सिंचित क्षेत्रों में चावल एवं मक्का के उत्पादन पर बल दिया गया।
18. संचार क्रांति के फलस्वरूप भारत के घर-घर से मोबाइल की पहुँच हो चुकी है।
19. आनंद (गुजरात) से सहकारी दूध उत्पादन आंदोलन प्रारंभ हुआ।
20. नीति आयोग की स्थापना 2020 में हुई।
21. नीति आयोग के वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम अमिताभ कांत है।

उत्तर— 1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. असत्य, 6. सत्य, 7. असत्य, 8. असत्य, 9. सत्य, 10. सत्य, 11. सत्य, 12. सत्य, 13. असत्य, 14. सत्य, 15. सत्य, 16. सत्य, 17. असत्य, 18. सत्य, 19. सत्य, 20. असत्य, 21. सत्य।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. आर्थिक नियोजन से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर—आर्थिक नियोजन का अभिप्राय राज्य के अभिकरणों द्वारा देश की आर्थिक सम्पदा तथा संसाधनों को एक निश्चित अवधि के लिए सरकारी का पूर्वानुमान लगाना है।

प्रश्न 2. बम्बई योजना से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर—जनवरी 1944 में बम्बई के आठ प्रमुख उद्योगपतियों ने मिलकर एक योजना बनाई जिसे "बम्बई योजना" का नाम दिया गया, जिस पर दस हजार करोड़ रुपये व्यय करने का प्रावधान था।

प्रश्न 3. 12वीं योजना में कितने प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया ?

उत्तर—12वीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान 9 से 9·5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया।

प्रश्न 4. नीति आयोग के बारे में जानकारी देने वाला मन्त्रिमण्डल का प्रस्ताव कब जारी किया गया ?

उत्तर—1 जनवरी, 2015 को।

प्रश्न 5. नीति आयोग के जून 2017 में राज्यों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए कौन-सा कार्यक्रम प्रारम्भ किया है ?

उत्तर—साथ (SATH)।

प्रश्न 6. नीति आयोग में क्रियाकलापों में किसकी अहम भूमिका है ?

उत्तर—नीति आयोग के क्रियाकलापों में मुख्यमन्त्रियों तथा निजी क्षेत्रों के विशेषज्ञों की अहम भूमिका है।

प्रश्न 7. योजना आयोग तथा नीति आयोग में मूलभूत अन्तर (भेद) लिखिए।

उत्तर—केन्द्र (संघ) से राज्यों (प्रदेशों) की तरफ चलने वाले एकपक्षीय नीतिगत क्रम को एक महत्वपूर्ण विकासवादी परिवर्तन के रूप में राज्यों की वास्तविक तथा सतत् सहभागिता में बदल दिया गया है।

प्रश्न 8. नियोजन का अर्थ लिखिए।

उत्तर—नियोजन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी क्षेत्र विशेष अथवा निश्चित समयावधि में हासिल किए जाने वाले साध्यों (लक्ष्यों) का निर्धारण किया जाता है। इसमें उन तरीकों एवं साधनों का भी उल्लेख होता है जिनके माध्यम से साधनों को पूर्ण किया जा सकता है।

प्रश्न 9. नियोजन के प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

उत्तर—नियोजन के प्रमुख उद्देश्य निम्नवत् हैं—

(1) समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विद्यमान आय एवं सम्पत्ति के असमान वितरण को कम करना अथवा दूर करना।

(2) देश में उपलब्ध प्राकृतिक तथा मानव संसाधनों का समुचित उपयोग करके उत्पादन में बढ़ोत्तरी करना।

(3) आय तथा रोजगार के अवसरों में बढ़ोत्तरी की दिशा में प्रत्येक सम्भव उपाय करना।

(4) चूँकि शांति एवं सुरक्षा के बिना किसी भी प्रकार का विकास असम्भव है, अतः सुरक्षा तथा शान्ति की दिशा में प्रयास करना।

प्रश्न 10. नियोजन क्या है ?

उत्तर—नियोजन को पूर्व दृष्टि भविष्य को प्रगतिशील बनाने के क्या कार्य किया जाना चाहिए, कैसे एवं कितने समय में पूर्ण किया जाना चाहिए, इस दूर दृष्टि के साथ आगे की ओर देखते हुए योजना तैयार करना है।

प्रश्न 11. हरित क्रांति क्या है ?

उत्तर—खाद्यान्न संकट की स्थिति से निपटने हेतु सरकार ने खाद्यान सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कृषि की एक नई नीति अपनायी जिसके परिणाम स्वरूप कृषि के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई जिसे हरित क्रांति कहा जाता है।

प्रश्न 12. हरित क्रांति के जनक किसे कहा जाता है ?

उत्तर—हरित क्रांति के विश्व में जनक अमरीकी कृषि वैज्ञानिक नारमन बोरलाग को माना जाता है। उन्हें कृषि क्षेत्र में इस कार्य के लिए 1970 का नोबल शांति पुरस्कार भी दिया गया था। भारत में हरित क्रांति प्रारम्भ करने का श्रेय एम.एस. स्वामीनाथन को दिया जाता है।

प्रश्न 13. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में किस बात पर जोर दिया गया ?

उत्तर—द्वितीय पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों पर जोर दिया गया।

प्रश्न 14. केरल मॉडल क्या है ?

उत्तर—केरल राज्य के विकास और नियोजन के लिए जो रास्ता चुना गया उसे केरल मॉडल कहा जाता है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि सुधार, खाद्य-वितरण और गरीबी-उन्मूलन पर जोर दिया जाता रहा है।

प्रश्न 15. नीति आयोग क्या है ?

उत्तर—नीति आयोग अर्थात् राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान भारत सरकार द्वारा गठित एक नया संस्थान है जिसे योजना आयोग के स्थान पर बनाया गया है। जनवरी 2015 को इस नए संस्थान के संबंध में जानकारी देने वाला मंत्रिमंडल का प्रस्ताव जारी किया गया। यह संस्थान सरकार के थिंक टैंक के रूप में सेवाएँ प्रदान करेगा और उसे निर्देशात्मक एवं नीति गतिशीलता प्रदान करेगा।

प्रश्न 16. हरित क्रांति के राजनीतिक परिणाम क्या हैं ?

उत्तर—हरित क्रांति के राजनीतिक परिणाम निम्नलिखित हैं—

(1) हरित क्रांति से सन् 1978-79 में खाद्यान्न उत्पादन एक अरब इकतीस करोड़ टन हुआ। भारत एक खाद्यान्न संकट वाले देशों की श्रेणी से निकलकर खाद्य निर्यातक की श्रेणी में आ गया। इससे दुनिया में इसकी प्रतिष्ठा बढ़ गई।

(2) हरित क्रांति से प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की स्थिति मजबूत हुई।

(3) भारत की हरित क्रांति से प्रभावित होकर कनाडा ने पंजाब, हरियाणा के किसानों को कनाडा बुलाया। किसानों ने भारतीय मुद्रा भंडार को और बढ़ाया।

प्रश्न 17. हरित क्रांति किसे कहते हैं ? (म.प्र. 2022)

उत्तर—'हरित क्रान्ति' का अभिप्राय कृषिगत उत्पादन की तकनीक को सुधारने तथा कृषि उत्पादन में तेजी से बढ़ोत्तरी करना है। अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि सिंचित एवं असिंचित कृषि क्षेत्रों में अधिक उपज देने वाली किस्मों को आधुनिक कृषि प्रणाली से उगाकर उत्पादन बढ़ाना ही हरित क्रान्ति है।

प्रश्न 18. "बाम्बे प्लान" क्या था ? लिखिए। (म.प्र. 2022)

उत्तर—अंग्रेजों के भारत से चले जाने के बाद उस समय भारत के उद्योगपतियों ने भारत के औद्योगिकरण की 15 वर्षीय योजना बनाई थी, इसे भारत के आर्थिक विकास के लिए प्रस्तावित योजना या "बाम्बे प्लान" कहा गया था।

●●

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



24 | पुस्तकोष परीक्षा बोध

उर्वरक, इस्पात व मशीनरी आदि शामिल थे। (4) सोवियत संघ का घरेलू उपभोक्ता उद्योग भी बहु...
(5) सोवियत संघ में बेरोजगारी नहीं थी।

प्रश्न 2. भारत जैसे देशों के लिए सोवियत संघ के विघटन के क्या परिणाम हुए ?

उत्तर—विघटन के परिणाम—(1) भारत शीतयुद्ध को रोकने की चाह करने वाले राष्ट्रों में... था। उसे महसूस हुआ कि अब विश्व में शीतयुद्ध का दौर और अन्तर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण वातावरण... समाप्ति हो जाएगी। भारत ने महसूस किया कि अब सैन्य गुटों के गठन की प्रक्रिया रुकेगी तथा हथि... दौड़ भी थमेगी। भारत में सरकार तथा जनता को एक नई अंतर्राष्ट्रीय शांति की संभावना दिखाई दे...

(2) सोवियत संघ के विघटन के पश्चात् भारत ने विश्व की एकमात्र महाशक्ति संयुक्त राज्य... साथ मजबूत सम्बन्ध बनाने की ओर रुख किया।

(3) भारत रूस के लिए हथियारों का दूसरा सबसे बड़ा खरीददार देश है। रूस भारत की... योजना के लिए महत्वपूर्ण है। भारत और रूस विभिन्न वैज्ञानिक परियोजनाओं में साझेदार हैं।

इस प्रकार स्पष्ट है कि सोवियत संघ के विघटन के पश्चात् भारत ने अपनी विदेश नीति में... परिवर्तन करके भारत के हितों की पूर्ति एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को और अधिक...

प्रश्न 3. शॉक थेरेपी क्या थी ? क्या साम्यवाद से पूँजीवाद की तरफ संक्रमण का यह सबसे... तरीका था ? (NC...

उत्तर—शॉक थेरेपी का अर्थ—साम्यवाद के पतन के पश्चात् पूर्व सोवियत संघ के गणरा... सत्तावादी समाजवादी व्यवस्था से लोकतांत्रिक पूँजीवादी व्यवस्था तक के कष्टप्रद संक्रमण से होकर गुज... मध्य एशिया के गणराज्य और पूर्वी यूरोप के देशों में पूँजीवाद की ओर से संक्रमण का एक खास मॉडल... गया। विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा निर्देशित इस मॉडल को 'शॉक थेरेपी' अर्थात् आघात... उपचार करना कहा जाता है।

परन्तु साम्यवाद से पूँजीवाद की तरफ संक्रमण के शॉक थेरेपी के तरीकों को सबसे अच्छा तरीक... कहा जा सकता क्योंकि एकदम से सभी प्रकार के पूँजीवादी सुधारों को लागू करने से सोवियत स... अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तहस-नहस हो गयी।

सबसे बेहतर उपाय यह होता कि पूँजीवादी सुधार तुरन्त किये जाने की अपेक्षा धीरे-धीरे कि... चाहिए थे। एकदम समस्त प्रकार के परिवर्तनों को लादने में सोवियत संघ पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। अ... परिवर्तनों को जनता पर थोपकर उन्हें आघात देना उचित नहीं था।

प्रश्न 4. किन बातों के कारण गोर्बाचेव सोवियत संघ में सुधार के लिए बाध्य हुए ? (NCE...

उत्तर—गोर्बाचेव निम्नलिखित कारणों से सोवियत संघ में सुधार के लिए बाध्य हुए—

(1) सोवियत संघ में धीरे-धीरे नौकरशाही का प्रभाव बढ़ता चला गया तथा सम्पूर्ण व्यवस्था नौक... के शिकंजे में फँसती चली गयी। (2) सोवियत प्रणाली के सत्तावादी हो जाने के कारण लोगों का जीवन... होता चला गया। (3) सोवियत संघ में लोकतन्त्र एवं विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं पायी जा... जिसमें सुधार की अति आवश्यकता थी। (4) सोवियत संघ की अधिकांश संस्थाओं में सुधार की आवश्... थी। (5) सोवियत संघ में एक दल साम्यवादी दल का शासन था। इस दल का सभी संस्थाओं पर अंकुश था... दल जनता के प्रति जवाबदेह नहीं था। (6) यद्यपि सोवियत संघ में लोगों का पारिश्रमिक लगातार बढ़ा, ल... उत्पादकता व प्रौद्योगिकी के मामले में वह पश्चिम के देशों से बहुत पीछे रह गया जिससे उपभोक्ता वस्तुओं... कमी हो गयी और खाद्यान्नों का आयात बढ़ता चला गया।

प्रश्न 5. भारत और सोवियत संघ के संबंधों को लिखिए।

उत्तर—भारत और सोवियत संघ के बहुआयामी संबंध निम्नलिखित हैं—

1. आर्थिक—सोवियत संघ ने भारत के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को ऐसे वक्त पर मदद की... ऐसी सहायता पाना मुश्किल था। सोवियत संघ ने भिलाई और विशाखापट्टनम् के इस्पात कारखानों तथा... जैसी मशीनरी संयंत्रों की आर्थिक और तकनीकी सहायता दी। भारत में जब विदेशी मुद्रा की कमी थ... सोवियत संघ ने रुपये को माध्यम बनाकर भारत के साथ व्यापार किया।

2. राजनीतिक—सोवियत संघ ने कश्मीर मामले पर संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का समर्थन कि... सोवियत संघ ने भारत के संघर्ष के दिनों खासकर 1971 में पाकिस्तान से युद्ध के दौरान मदद की। भारत ... सोवियत संघ की विदेश नीति का अप्रत्यक्ष लेकिन महत्वपूर्ण ढंग से समर्थन...

राजनीति विज्ञान (म. प्र.) : कक्षा XII | 25

3. सैन्य मामले—भारत को सोवियत संघ ने ऐसे वक्त में सैनिक साजो सामान दिये जब शायद ही कोई अन्य देश अपनी सैन्य तकनीकी भारत को देने के लिये तैयार था। सोवियत संघ ने भारत के साथ ऐसे समझौते किये जिससे भारत संयुक्त रूप से सैन्य उपकरण तैयार कर सका।

4. संस्कृति—हिन्दी फिल्म और भारतीय संस्कृति सोवियत संघ में लोकप्रिय थे। बड़ी संख्या में भारतीय लेखक और कलाकारों ने सोवियत संघ की यात्रा की।

प्रश्न 6. सोवियत अर्थव्यवस्था को किसी पूँजीवादी देश जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका की अर्थव्यवस्था से अलग करने वाली किन्हीं तीन विशेषताओं का जिक्र करें। (NCERT)

उत्तर—विशेषताएँ—(1) सोवियत अर्थव्यवस्था में पूँजीवादी देश जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका (पश्चिमी जर्मनी या अब की एकीकृत जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों) की अर्थव्यवस्था या निजी सम्पत्ति की संस्था को समाप्त कर दिया गया था। मिल्कियत का प्रमुख रूप राज्य का स्वामित्व था। (2) समाजवादी अर्थव्यवस्था में पूँजीवादी देशों या अर्थव्यवस्था के विपरीत राज्य (या समाज) और पार्टी की संस्था को प्राथमिक महत्व दिया। उत्पादन के साधनों (भूमि, पूँजी आदि) का पूर्णतया राज्य का नियंत्रण था। (3) पूँजीवादी देशों के विपरीत सोवियत संघ में अर्थव्यवस्था योजनाबद्ध और राज्य के नियंत्रण में थी। निजी क्षेत्र—व्यक्तियों, निजी कंपनियों तथा उद्यमियों को उत्पादन, वितरण आदि से दूर रखा जाता था। भूमि और उत्पादन सम्पदाओं पर स्वामित्व होने के अलावा नियंत्रण भी राज्य का ही था। संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे पूँजीवादी देशों में भूमि और अन्य उत्पादक संपदाओं (कारखानों, मिलों, कंपनियों आदि) पर स्वामित्व भी व्यक्तियों या व्यक्ति-समूहों (कंपनियों या पूँजीपतियों अथवा उद्योगपतियों) का होता है।

प्रश्न 7. निम्नलिखित कथन के पक्ष या विपक्ष में एक लेख लिखें—"दूसरी दुनिया के विघटन के बाद भारत को अपनी विदेश-नीति बदलनी चाहिए और रूस जैसे परम्परागत मित्र की जगह संयुक्त राज्य अमेरिका से दोस्ती करने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।" (NCERT)

उत्तर—उपरिलिखित प्रश्न का उत्तर हम केवल हाँ या ना में नहीं दे सकते, क्योंकि सोवियत संघ के विघटन के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अनेक बदलाव देखने को मिले, लेकिन इन बदलावों को देखकर यह कहना कि भारत को अपने पुराने मित्र को छोड़कर नये को (अमेरिका) मित्र बनना चाहिए। इस बारे में अंतर्राष्ट्रीय विद्वानों में मतभेद पाया जाता है। उन्होंने इसके पक्ष तथा विपक्ष में अपने विचारों को प्रतिपादित किया है। अतः पहले हम उन पहलुओं पर प्रकाश डाल रहे हैं। इसके पहले जो यह मानते हैं कि भारत को अपने संबंधों में बदलाव लाना चाहिए।

पक्ष में तर्क—अंतर्राष्ट्रीय बदलाव होने के कारण प्रत्येक स्वतंत्र देश के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह भी अपने-आपको इस बदलाव के अनुरूप ढाल ले। राजनीति में माना जाता है कि न तो कोई पक्का मित्र होता है और न कोई शत्रु, बल्कि यह अवसरवाद पर आधारित है। इसलिए भारत को चाहिए कि वह अमरीका के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान दे।

भारत विश्व का एक बहुत बड़ा लोकतंत्रीय देश है तथा अमरीका भी वैचारिक दृष्टिकोण व संवैधानिक विशेषता के आधार पर एक सफल लोकतांत्रिक देश है।

विपक्ष में तर्क—सोवियत संघ भारत का परम्परागत मित्र रहा है। भारत के विकास में सोवियत संघ का विशेष सहयोग रहा है। ख्रुश्चेव ने भारत-रूस मैत्री को मजबूत किया और कश्मीर के प्रश्न पर संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का समर्थन किया। ताशकन्द समझौते ने भी भारत-रूस के सम्बन्धों को बढ़ावा दिया।

प्रश्न 8. "सोवियत संघ, द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् महाशक्ति के रूप में उभरा" वर्णन कीजिए।

उत्तर— द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् निम्नलिखित कारकों ने सोवियत संघ को एक महाशक्ति बनने में सहायता की—

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा, सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था शेष विश्व की तुलना में कहीं ज्यादा विकसित थी। सोवियत संघ की संचार प्रणाली के अलावा विशाल ऊर्जा संसाधन उपलब्ध थे। (2) सोवियत संघ का घरेलू उपभोक्ता उद्योग भी बहुत उन्नत था। आवागमन व्यवस्था सुव्यवस्थित थी। (3) सोवियत संघ की

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



70 | मुनाबोध परीक्षा बोध

(II) सही जोड़ियाँ बनाइए—

(क)	(ख)
1. विश्व पर्यावरण दिवस	(a) अवरकॉमन फ्यूचर (हमारा संयुक्त भविष्य)
2. पर्यावरण एवं विकास पर सं.रा. संघ रिपोर्ट	(b) 16 सितम्बर
3. पर्यावरण से जुड़ा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन	(c) संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
4. विश्व ओजोन दिवस	(d) 5 जून।

उत्तर—1. (d), 2. (a), 3. (c), 4. (b).

प्रश्न 4. (I) सत्य / असत्य लिखिए—

1. चमोली की चण्डीदेवी चिपको आन्दोलन की प्रणेता थी।
2. पेड़ कटाई रोकने हेतु चिपको आन्दोलन चलाया गया।
3. प्रतिवर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।
4. वर्तमान में मेधा पाटकर पर्यावरण सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।
5. पर्यावरण सुरक्षा पर विचार हेतु प्रथम विश्व पृथ्वी सम्मेलन रियो-डी-जेनेरियो में बुलाया गया था।
6. पृथ्वी सम्मेलन में 170 देश, हजारों स्वयंसेवी संगठन तथा अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। (NCERT)
7. पृथ्वी सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वावधान में हुआ। (NCERT)
8. वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों ने पहली बार राजनीतिक धरातल पर ठोस आकार ग्रहण किया। (NCERT)
9. पृथ्वी सम्मेलन महासम्मेलनी बैठक थी। (NCERT)
10. धरती का वायुमंडल, अंटार्कटिका, समुद्री सतह और बाहरी अंतरिक्ष को 'विश्व की साझी विरासत' माना जाता है। (NCERT)
11. 'विश्व की साझी विरासत' किसी राज्य के संप्रभु क्षेत्राधिकार में नहीं आते। (NCERT)
12. 'विश्व की साझी विरासत' के प्रबंधन के सवाल पर उत्तरी और दक्षिणी देशों के बीच विभेद है। (NCERT)
13. उत्तरी गोलार्द्ध के देश 'विश्व की साझी विरासत' को बचाने के लिए दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों से कहीं ज्यादा चिंतित हैं। (NCERT)
14. विकासशील देशों में पिछले पाँच दशकों से पर्यावरण संरक्षण हेतु कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए।
15. अति अल्पसंख्यक होने के कारण किसी राज्य के मूलवासियों अथवा आदिवासियों को अन्य लोगों के समान अधिकार नहीं दिए जा सकते।
16. भारत में मूलवासियों हेतु आदिवासी या अनुसूचित जनजाति शब्द प्रयुक्त किया जाता है।
17. विश्व पर्यावरण दिवस 2019 की थीम 'बीट एयर पाल्यूशन' अर्थात् वायु प्रदूषण को हटाया था।
18. पर्यावरण प्रदूषण हेतु सिर्फ औद्योगीकृत देश ही नहीं बल्कि विश्व के सभी देश एकसमान उत्तरदायी हैं।
19. पृथ्वी सम्मेलन में 70 देशों ने भाग लिया था। (म. प्र. 2022)

उत्तर— 1. असत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य, 6. सत्य, 7. सत्य, 8. सत्य, 9. असत्य, 10. सत्य, 11. सत्य, 12. सत्य, 13. असत्य, 14. असत्य, 15. असत्य, 16. सत्य, 17. सत्य, 18. असत्य, 19. असत्य।

(II) 'विश्व की साझी विरासत' के बारे में निम्नलिखित में कौन-से-कथन सही हैं ? (NCERT)

(क) धरती का वायुमंडल, अंटार्कटिका, समुद्री सतह और बाहरी अंतरिक्ष को 'विश्व की साझी विरासत' माना जाता है।

(ख) 'विश्व की साझी विरासत' किसी राज्य के संप्रभु क्षेत्राधिकार में नहीं आते।

(ग) 'विश्व की साझी विरासत' के प्रबंधन के सवाल पर उत्तरी और दक्षिणी देशों के बीच विभेद है।

(घ) उत्तरी गोलार्द्ध के देश 'विश्व की साझी विरासत' को बचाने के लिए दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों से कहीं ज्यादा चिंतित हैं।

उत्तर—(क) सत्य, (ख) सत्य, (ग) सत्य, (घ) असत्य।

राजनीति विज्ञान (म. प्र.) : कक्षा XII | 71

5. एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए—

1. किस दशक से पर्यावरण मसले ने जोर पकड़ा है ?
2. 'रियो-डी-जनेरियो' किस देश के शहर का नाम है ?
3. रियो पृथ्वी सम्मेलन में कितने देश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ?
4. मॉंट्रियल प्रोटोकाल समझौता कब हुआ ?
5. चिपको आंदोलन के प्रवर्तक कौन थे ?
6. 'चिपको' आंदोलन से संबंधित 'चिपको' शब्द का क्या अर्थ है ?
7. पर्यावरण शब्द का क्या अर्थ है ?
8. पृथ्वी सम्मेलन कहाँ हुआ था ?
9. चिपको आंदोलन किस घटना से शुरू हुआ ?
10. जलवायु परिवर्तन से सम्बन्धित संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमावार को किस नाम से जाना जाता है ?
11. तीन 'ज' सम्बन्धी प्रश्न किससे सम्बन्धित है ? (NCERT)
12. उत्तराखण्ड में खेल सामान बनाने वाली किस कम्पनी को 'अंगू' पेड़ों को काटने का ठेका दिया गया?
16. 1977 के लोकसभा चुनाव पश्चात् किस दल की सरकार बनी ?
17. जनता पार्टी की सरकार शासन क्यों नहीं कर पाई ?
18. किसने कहा था कि जजों की नियुक्ति से पूर्व यह देखा जाना चाहिए कि उसका सामाजिक दर्शन सरकार की नीतियों के अनुकूल है या नहीं ?
19. नौकरशाही के "आदर्श" स्वरूप का वर्णन किसने किया है ?
20. 1977 में बनी "कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी" के अध्यक्ष कौन थे ?
21. आपातकाल क्या है ?
22. एकात्म मानववाद।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



6. भाषा के आधार पर अंतिम नया राज्य हरियाणा था।
7. गुजरात राज्य बाम्बे प्रांत के विभाजन से बना था।
8. मेघालय के विभाजन से उत्तर-पूर्वी भारत में सात राज्य बनाये गये थे।
9. भाषायी आधार पर राज्यों के गठन से अलगाववाद को बढ़ावा मिलता है।
10. उत्तरांचल राज्य बनने के पूर्व बिहार का हिस्सा था।
11. हैदराबाद देशी रियासत थी।
12. तेलुगू भाषा के आधार पर आंध्रप्रदेश का गठन हुआ।
13. "भाग्य वधू से फिर प्रतीक्षित भेंट" भाषण पण्डित नेहरू से संबंधित था।
14. भारत विभाजन के बाद हुए साम्प्रदायिक दंगों से भयभीत होकर लोग सीमा की दूसरी तरफ पैदल चलकर आए।
15. भोपाल के नवाब संविधान सभा में सम्मिलित होना चाहते थे।
16. अधिकांश रजवाड़ों का शासन लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जाता था।
17. कश्मीरी बोलने वाले अधिकांश लोग हिन्दू हैं।
18. स्वतंत्र राज्य बनने से पूर्व उत्तराखण्ड मूल राज्य छत्तीसगढ़ का अंग था।
19. भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश तथा सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य सिक्किम है।
20. विभाजन की योजना में यह बात भी शामिल थी कि दोनों देशों के बीच आबादी की अदला-बदली होगी।

उत्तर—1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. असत्य, 5. सत्य, 6. असत्य, 7. सत्य, 8. असत्य, 9. सत्य, 10. असत्य, 11. सत्य, 12. सत्य, 13. सत्य, 14. सत्य, 15. असत्य, 16. सत्य, 17. असत्य, 18. असत्य, 19. सत्य, 20. असत्य।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. विलय पत्र क्या है ?

उत्तर—विलय पत्र—भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय पत्र का खाका हूबहू वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। इसमें न कोई शर्त और न ही रियासत के लिए विशेष दर्जे जैसे कोई माँग थी।

प्रश्न 2. शरणार्थी समस्या क्या है ?

उत्तर—सामान्य रूप से जब किसी देश के नागरिक विषम परिस्थिति में आत्म रक्षा के लिए किसी अन्य देश की सीमा का उल्लंघन करते हुए वहाँ शरण लेने के लिए विवश हो जाते हैं, तो इस तरह के लोगों को शरणार्थी कहा जाता है तथा इनके व्यवस्थापन, सुरक्षा, भोजन, आवास की व्यवस्था ही शरणार्थी समस्या कहलाती है।

प्रश्न 3. सर्वप्रथम राज्यों के पुनर्गठन हेतु किस आयोग की स्थापना की गयी ?

उत्तर—जून, 1948 में श्री एस. के. दर की अध्यक्षता में भाषायी प्रांत आयोग (दर आयोग) की स्थापना की गई। इस आयोग ने अपने प्रतिवेदन में प्रशासनिक व्यवस्था के सुसंचालन की दृष्टि से भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के विचार पर अपनी असहमति व्यक्त की।

प्रश्न 4. भारत में 2019 की स्थिति में कुल कितने राज्य व संघ शासित प्रदेश हैं ? भारत के प्रथम व अंतिम राज्य के नाम लिखिए।

उत्तर—भारत में 2019 की स्थिति में कुल 28 राज्य तथा 8 संघ शासित प्रदेश हैं। भारत का प्रथम राज्य

भाषा के आधार पर आंध्रप्रदेश बना। भारत का अंतिम राज्य तेलंगाना है। वर्तमान में जम्मू-काश्मीर राज्य की जगह जम्मू-काश्मीर तथा लद्दाख दोनों संघीय प्रदेश 31 अक्टूबर, 2019 से बन गये।

प्रश्न 5. भारत को धर्म निरपेक्ष राष्ट्र बनाने के लिए नेहरू ने किन तर्कों का इस्तेमाल किया। क्या आपको लगता है कि ये केवल भावनात्मक और नैतिक तर्क हैं अथवा इनमें कोई तर्क युक्तिपरक भी हैं ? (NCERT)

उत्तर—भारत में विभिन्न देशों से आकर शासक शासन करते रहे हैं, जिससे उस देश की संस्कृति भी भारतीय संस्कृति का हिस्सा बनते गयी और "अनेकता में एकता" भारतीय राष्ट्रवाद की पहचान बन गयी। स्वतंत्रता के समय और संविधान निर्माण की अवस्था में नेहरू ने धर्म-निरपेक्ष राज्य का समर्थन किया था क्योंकि धर्म-निरपेक्ष राज्य में ही अल्पसंख्यकों को धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता प्राप्त हो सकती है। विभाजन के समय सारे मुसलमानों ने भारत नहीं छोड़ा था। मुसलमानों को भारत में अल्पसंख्यक की श्रेणी में रखा गया। नेहरू इन्हें सभी के बराबर सुरक्षा व अधिकार देना चाहते थे। अतः ये केवल भावनात्मक व नैतिक तर्क नहीं हैं।

प्रश्न 6. आजादी के समय देश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में राष्ट्र-निर्माण की चुनौती के लिहाज से दो मुख्य अंतर क्या थे ? (NCERT)

उत्तर—आजादी के समय पूर्वी (बंगाल) और पश्चिमी (पंजाब) क्षेत्रों में राष्ट्र-निर्माण की चुनौती के दृष्टिकोण से दो मुख्य अन्तर निम्नलिखित थे—

(1) दोनों क्षेत्र मुस्लिम बहुसंख्यक क्षेत्र थे, जिन्हें पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान बनाया गया।

(2) सीमा के दोनों ओर अल्पसंख्यकों की समस्याएँ थीं, इनके सामने अपने घर छोड़ने का ही विकल्प था।

प्रश्न 7. भारत में राष्ट्र-निर्माण की कौन-कौन सी चुनौतियाँ थीं ?

उत्तर—स्वतंत्रता के समय भारत में राष्ट्र-निर्माण की निम्नलिखित चुनौतियाँ थीं—

(1) भारत को एकता के सूत्र में बाँधना। (2) लोकतंत्र की स्थापना करना। (3) ऐसे विकास की जिससे समूचे समाज का भला हो। (4) रजवाड़ों के विलय की समस्या। (5) शरणार्थियों की समस्या।

प्रश्न 8. कश्मीर विवाद पर पाकिस्तान द्वारा क्या तर्क दिया जाता रहा है ? संक्षेप में लिखिए।

उत्तर—कश्मीर विवाद के संबंध में पाकिस्तान का तर्क निम्नलिखित है—(1) द्वि-राष्ट्र सिद्धांत के आधार पर मुस्लिम बाहुल्य कश्मीर का पाकिस्तान के साथ विलय होना चाहिए।

(2) कश्मीर राज्य का सदैव पाकिस्तान में शामिल मुज्जफराबाद, पुंछ आदि के क्षेत्रों से आर्थिक एवं भौगोलिक संबंध होने के कारण उसका विलय पाकिस्तान में होना चाहिये।

(3) भारत द्वारा आश्वासन देने के बावजूद जनमत संग्रह न किया जाना विलय को अपूर्ण माना जायेगा।

(4) कश्मीर की मुक्ति के लिये सीमा पार से घुसपैठ करने वाले आतंकवादी नहीं अपितु कश्मीर को मुक्त कराने वाले स्वाधीनता सेनानी हैं।

प्रश्न 9. देशी रियासतों के विलीनीकरण की क्या आवश्यकता थी ?

उत्तर—हालांकि देशी रियासतों के नरेश अपने विशेषाधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए अपनी सम्प्रभुता का दावा करते थे। लेकिन व्यवहार में इसका तात्पर्य जनसाधारण पर निरंकुश एवं स्वेच्छाचारी शासन ही था। यदि ब्रिटिश राजमुकुट के प्रति समर्पित सभी 565 देशी रियासतों को स्वतन्त्र अस्तित्व की अनुमति दी जाती तो भारतीय आजादी का कोई अर्थ नहीं रह जाता। अतः देशी रियासतों का विलय देश की आजादी की पूर्व शर्त थी। यह कार्य अधिकांशतया भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम, 1947 के क्रियान्वयन से पहले ही पूर्ण हो गया। देशी रियासतों के राजनीतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से परस्पर विभिन्नता के बावजूद ये भौगोलिक दृष्टि से शेष महाद्वीप से सम्बद्ध थी। अंग्रेजी सरकार की भारत से विदाई के पश्चात् देश की एकता को सुदृढ़ करने हेतु इन देशी रियासतों का भारत में एकीकरण किए जाने की महती आवश्यकता थी।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



104 | पुनबोध परीक्षा बोध

वर्णमाला क्रम के अनुसार की जाती है। इस संगठन में अब तक 14 महासचिव पदस्थ हो चुके हैं। इसके 19 शिखर सम्मेलन हो चुके हैं। चार्टर में परिभाषित किए गए संगठन के उद्देश्य बैठक के दौरान एकीकृत कार्य योजना की शुरुआत की।

प्रश्न 13. भारतीय विदेश नीति को प्रभावित करने वाले तत्वों की व्याख्या कीजिये।

उत्तर—भारतीय विदेश नीति को प्रभावित करने वाले तत्व—

(1) राष्ट्रीय स्वार्थ अथवा हित—प्रत्येक देश की विदेश नीति को प्रभावित करने में उस राष्ट्र का हित या स्वार्थ सबसे महत्वपूर्ण होता है। संसार का प्रत्येक देश अपने देश को एक शक्तिशाली देश बनाने का प्रयास करता है, क्योंकि उसके राष्ट्रीय स्वार्थ सुरक्षित रह सकें।

(2) राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आदर्श—राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आदर्श भी राष्ट्र की विदेश नीति को प्रभावित करते हैं। विदेश नीति का निर्माण करते समय हमेशा अपने राष्ट्र की प्रतिष्ठा तथा आदर्शों को सामने रखना होता है।

(3) सांस्कृतिक विकास—प्रत्येक देश की कुछ अपनी परंपराएँ होती हैं, उन्हीं सामाजिक आदर्शों तथा मूल्यों को ध्यान में रखकर विदेश नीति का निर्माण करते हैं।

(4) जनता की रुचि—किसी भी देश की सरकार अपनी जनता की रुचि के विरुद्ध विदेश नीति नहीं अपना सकती है।

(5) भौगोलिक स्थिति—देश के अंदर मौजूद संसाधनों का किस प्रकार विश्व बाजार में उपयोग हो सकता है अथवा किस प्रकार उसका राजनीतिक उपयोग हो सकता है, इत्यादि को ध्यान में रखकर विदेश नीति बनायी जाती है।

प्रश्न 14. भारत की परमाणु नीति निःशस्त्रीकरण में सहायक है, व्याख्या कीजिये।

उत्तर—भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर किसी परमाणु नीति की घोषणा नहीं की है, लेकिन परमाणु शक्ति व हथियारों के संबंध में उसके दृष्टिकोण के आधार पर भारत की परमाणु नीति की निम्न विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं—(1) भारत परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग हेतु प्रत्येक देश के अधिकार का समर्थक है। ईरान के मामले में भारत ने उसके इस अधिकार का समर्थन किया है। (2) भारत आणविक शस्त्रों के अस्तित्व को अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरा समझता है, इसलिए वह व्यापक परमाणु निःशस्त्रीकरण का समर्थक है। इसी का दूसरा पहलू यह है कि भारत आंशिक तथा भेदभावपूर्ण शस्त्र नियंत्रण उपायों को समर्थन नहीं करता। (3) भारत के अनुसार प्रत्येक देश का यह मौलिक अधिकार है कि वह अपनी सुरक्षा और आत्मरक्षा के लिए समुचित उपाय अपनाये। अपनी सुरक्षा आवश्यकताओं की दृष्टि से भारत ने परमाणु हथियारों का अपना विकल्प खुला रखने की नीति अपनायी है। (4) भारत परमाणु हथियारों के मामलों में पहले प्रयोग न करने के सिद्धान्त (No First Use) का समर्थक है। इसका अर्थ यह है कि जब तक भारत के विरुद्ध किसी देश द्वारा पहले परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं किया जायेगा तब तक भारत उसके विरुद्ध परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं करेगा। भारत ने यह घोषणा की है कि वह गैर-परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों के विरुद्ध परमाणु हथियारों का प्रयोग कभी नहीं करेगा। (5) भारत की परमाणु नीति का मूल सिद्धांत 'पहले उपयोग नहीं है' इस नीति के अनुसार भारत किसी भी देश पर परमाणु हमला तब तक नहीं करेगा जब तक कि शत्रु देश भारत के ऊपर हमला नहीं कर देता। (6) भारत अपनी परमाणु नीति को इतना सशक्त रखेगा कि दुश्मनों के मन में भय बना रहे। यदि किसी देश ने भारत पर परमाणु हमला किया तो इसका प्रतिशोध इतना भयानक होगा कि दुश्मनों को अपूरणीय क्षति होगा और वह जल्दी इस हमले से उभर नहीं पाएगा।

प्रश्न 15. भारत द्वारा गुट निरपेक्षता की नीति अपनाये जाने के प्रमुख कारणों को बताइये।

उत्तर—गुटनिरपेक्षता नीति का विश्व के किसी भी गुट के साथ द्विपक्षीय संबंधों के आधार पर सैनिक समझौते में भाग न लेना है। इस नीति का पालन करने वाले राष्ट्र जहाँ एक ओर गुटबाजी की विश्व राजनीति से

रहते हैं। वहीं दूसरी ओर विश्व शांति और सुरक्षा में प्रगति हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों मदद देते हैं।

गुटनिरपेक्षता की नीति के उदय का प्रमुख कारण—

(1) साम्राज्यवाद तथा (2) उपनिवेशवाद ये दोनों से मुक्ति पाने वाले देशों को शक्तिशाली गुटों से अलग की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना था। गुट निरपेक्षता के तत्व को अपनाने का कारण अमेरिका व संघ के बीच के किसी भी तरह के संघर्ष से दूर रहकर देश के विकास में ध्यान केन्द्रित कर सके।

प्रश्न 16. भारतीय विदेश नीति की कोई पाँच विशेषताओं को संक्षेप में समझाइए।

उत्तर—भारतीय विदेश नीति के प्रमुख लक्षण अथवा विशेषताएँ—भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषताओं तथा लक्षणों को संक्षेप में निम्नलिखित बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है—

(1) स्वतन्त्र विदेश नीति का पालन—भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में स्वयं को किसी गुट विशेष से सम्बद्ध न करके अपने लिए सत्य, न्याय एवं औचित्य पर आधारित स्वतन्त्र मार्ग अपनाया अर्थात् भारत किसी देश का पिछलग्गू नहीं बना तथा राष्ट्रीय हित को उसने सर्वोपरि रखते हुए अपनी विदेश नीति के माध्यम से सत्य, न्याय एवं औचित्य की शक्तियों को समर्थन दिया।

(2) विश्व शान्ति को प्रोत्साहन—भारतीय विदेश नीति का एक लक्षण विश्व शान्ति को प्रोत्साहन देना रहा है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने कोरिया, कांगो तथा साइप्रस इत्यादि में शान्ति स्थापना के प्रयास करके किस प्रकार विश्व शान्ति में अपना योगदान दिया था।

(3) साम्राज्य, उपनिवेशवाद, शोषण एवं आधिपत्य का विरोध—यह भारतीय विदेश नीति का ही लक्षण है, जो उसने साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद, शोषण एवं आधिपत्य का विरोध किया। भारतीय विदेश नीति निर्माता, दमन एवं असहिष्णुता विरोधी भी है।

(4) शस्त्रीकरण का विरोध—भारत हथियारों की होड़ का विरोध करता है। भारत का मानना है कि इस प्रतिस्पर्द्धा से आपस में तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है, जो कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति हेतु नुकसानदायक है।

(5) संयुक्त राष्ट्र-संघ के साथ सहयोग—भारतीय विदेश नीति की एक विशेषता संयुक्त राष्ट्र-संघ को सही दिशा में आगे बढ़ाते हुए, उसे शक्तिशाली बनाना है।

प्रश्न 17. अगर आपको भारत की विदेश नीति के बारे में फैसला लेने को कहा जाए तो आप उसकी किन दो बातों को बदलना चाहेंगे? ठीक इसी प्रकार यह भी बताए कि भारत की विदेश नीति के किन दो पहलुओं को आप बरकरार रखना चाहेंगे। अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।

उत्तर—मैं भारतीय विदेश नीति में निम्न बदलाव लाना चाहूँगा—

(1) वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए भारत की गुटनिरपेक्षता नीति में बदलाव किया जाना परमावश्यक है। वर्तमान वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के दौर में किसी भी गुट से दूरी बनाकर रखना राष्ट्र हित में नहीं है।

(2) पड़ोसी देशों के साथ लचर विदेश नीति के स्थान पर आक्रामक नीति की महती आवश्यकता है। वर्तमान में पाकिस्तान एवं चीन के साथ जिस प्रकार की नीति अपनाई जा रही है उसे परिवर्तित करना ही होगा क्योंकि इन देशों के साथ पुरानी नीति से वांछित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

मैं भारतीय विदेश नीति में निम्नलिखित दो पहलुओं को बरकरार रखना चाहता हूँ—

(1) सी.टी.बी.टी. के बारे में वर्तमान दृष्टिकोण को तथा वर्तमान परमाणु नीति को आगे भी जारी रखना चाहिए,

(2) हम संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता हेतु प्रयासों में तेजी लाएँगे तथा विश्व बैंक एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में देश के सहयोग को निरन्तर जारी रखेंगे।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



94 | युगबोध परीक्षा बोध

(III) सही जोड़ियाँ बनाइए—

(क)	(ख)
1. 1966 का ताशकंद समझौता	(a) श्रीमती इंदिरा गाँधी एवं जुल्फिकार अली
2. 1972 का शिमला समझौता	(b) 18 मई 1974
3. पंचशील की घोषणा	(c) भारत-पाकिस्तान
4. कारगिल संघर्ष	(d) लाल बहादुर शास्त्री एवं जनरल अयूब
5. भारत का प्रथम परमाणु/आण्विक परीक्षण	(e) 29 अप्रैल 1954
6. चीन द्वारा भारत पर आक्रमण	(f) 1962.

उत्तर—1. (d), 2. (a), 3. (e), 4. (c), 5. (b), 6. (f). (म.प्र. 20

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए—

1. अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने अपने विदेश विभाग की स्थापना किस वर्ष की थी ?
2. भारतीय विदेश नीति के सम्बन्ध में नेहरू जी ने अपना पहला सार्वजनिक वक्तव्य कब दिया था
3. 2003 में भारत, ब्राजील तथा दक्षिण अफ्रीका ने परस्पर सहयोग के लिए कौन-सा संगठन बना
4. साम्यवादी चीन की दमनकारी नीतियों से विवश होकर किसने 1959 में भारत में शरण ली थी
5. भारत-चीन युद्ध 1962 के समय भारत के रक्षा मन्त्री कौन थे ?
6. किस पड़ोसी देश के साथ भारत की सीमा सबसे लम्बी है ?
7. वर्तमान में भारत के विदेश मन्त्री कौन हैं ?
8. पंचशील सिद्धांत दिया।
9. ताशकन्द समझौता हुआ।
10. भारत चीन युद्ध के समय रक्षामंत्री थे।
11. विदेश नीति है।
12. शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व से तात्पर्य है।
13. भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषता क्या है ?
14. विदेश नीति का प्रमुख निर्धारक तत्व किसे मानते हैं ?
15. भारतीय विदेश नीति सफल न होने का एक कारण बताइये।
16. भारतीय विदेश नीति का एक प्रमुख उद्देश्य बताइये।
17. असंलग्नता का अर्थ एक वाक्य में दीजिए।
18. असंलग्नता क्या नहीं है ?
19. राष्ट्रीय संकट में असंलग्नता को अपनाना सही है ?

उत्तर—1. 1927, 2. 7 सितम्बर, 1946, 3. इन्सा, 4. दलाईलामा, 5. वी. के. कृष्णा मेनन, 6. बांग्ला
7. डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर, 8. पं. नेहरू एवं चाऊ एन. लाई, 9. सन् 1966, 10. सन् 1962 में ही
कृष्ण मेनन, 11. किसी राष्ट्र का विदेशों में किया गया संबंध, 12. शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व-सब देशों
आपस में शांतिपूर्वक रहकर अपना-अपना अस्तित्व बनाये रहना चाहिए और आपस में विवाद शांति
बातचीत करके ही निपटाने चाहिए, 13. असंलग्नता की नीति, 14. भू-राजनीतिक स्थिति, 15. ग
सुरक्षा एवं मित्र और शत्रु में भेद करने में असफलता, 16. राष्ट्रों के मध्य न्याय एवं सम्मानजनक
बनाने का प्रयास करना, 17. गुटों के प्रभाव से मुक्त स्वतंत्र नीति अपनाना, 18. तटस्थता नहीं
19. सही है।

प्रश्न 4. सत्य/असत्य लिखिए—

1. भारत की विदेश नीति से संबंधित प्रारंभिक घोषणा 1946 में की गयी थी।
2. भारतीय विदेश नीति के व्यवस्थित स्वरूप देने का कार्य श्रीमती इंदिरा गाँधी ने किया था।

राजनीति विज्ञान (म. प्र.) : कक्षा XII | 95

विदेश नीति का महत्वपूर्ण निर्धारक तत्व भू-राजनीतिक स्थिति है।
भारत की विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव और सहयोग के स्थान पर शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है।
असंलग्नता की नीति एक प्रसिद्ध भारतीय सिद्धांत से प्रभावित है।
असंलग्नता की नीति को स्वतंत्र यथार्थवादी नीति कहा जा सकता है।
असंलग्नता की नीति सिर्फ भारत द्वारा ही अपनायी गयी है।
असंलग्नता की नीति ने एक विश्वव्यापी आन्दोलन को जन्म दिया है।
शीत-निरपेक्षता की नीति अपनाने के कारण भारत सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमरीका दोनों की सहायता हासिल कर सका। (NCERT)
अपने पड़ोसी देशों के साथ भारत के सम्बन्ध शुरुआत से ही तनावपूर्ण रहे। (NCERT)
शीतयुद्ध का असर भारत-पाकिस्तान सम्बन्ध पर भी पड़ा। (NCERT)
1971 की शांति मैत्री व सहयोग की सन्धि सोवियत संघ से भारत की निकटता का परिणाम थी। (NCERT)
डॉ. नेल्सन मण्डेला को अफ्रीकन गाँधी के नाम से जाना जाता है।
भारतीय विदेश नीति के मुख्य निर्माता पण्डित नेहरू थे।
ताशकन्द समझौता सन् 1976 में हुआ था।
शिमला समझौते में अटल बिहारी वाजपेयी संलग्न थे।
भारत चीन युद्ध सन् 1965 में हुआ था।
भारत ने शुरू से ही पड़ोसी राष्ट्रों के प्रति सहयोग का दृष्टिकोण रखा है।
गुटनिरपेक्षता का अभिप्राय विश्व की राजनीति से दूर रहना है।
भारत सभी प्रकार के परमाणु परीक्षणों का विरोधी है।
भारत मैकमोहन रेखा को अमान्य ठहराता है।
एक-ध्रुवीयता के युग में भारत अपनी स्वतन्त्र विदेशी नीति पर नहीं चल सकता।
दक्षिण-दक्षिण सहयोग का तात्पर्य विकासशील एवं गरीब देशों में परस्पर सहयोग को बढ़ाना है।
गुटनिरपेक्ष देशों के जहाँ प्रारम्भ में 25 सदस्य थे वहीं अब इसके सदस्यों की संख्या बढ़कर 120 हो गयी।

उत्तर— 1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. असत्य, 5. सत्य, 6. सत्य, 7. सत्य, 8. सत्य, 9. सत्य, 10. असत्य, 11. सत्य, 12. सत्य, 13. सत्य, 14. सत्य, 15. असत्य, 16. असत्य, 17. सत्य, 18. सत्य, 19. असत्य, 20. असत्य, 21. असत्य, 22. असत्य, 23. सत्य, 24. सत्य।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. विदेश नीति से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर—एक राष्ट्र विभिन्न देशों, अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों, अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों तथा आन्दोलनों एवं अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के प्रति जिन नीतियों को अपनाता है, उन नीतियों को सामूहिक रूप से विदेश नीति कहा जाता है।

प्रश्न 2. भारतीय विदेश नीति का प्रमुख सिद्धान्त लिखिए।

उत्तर—भारतीय विदेश नीति का प्रमुख सिद्धान्त अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में स्वतन्त्र विदेश नीति का पालन करना है।

प्रश्न 3. भारतीय विदेश नीति का मूलभूत सिद्धान्त क्या है ?

उत्तर—भारतीय विदेश नीति का मूलभूत सिद्धान्त शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व तथा पंचशील है।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



अध्याय 11

कांग्रेस प्रणाली—चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना

[Challenges and Restoration of the Congress System]

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्या है ?

उत्तर—20 सूत्रीय कार्यक्रम की शुरुआत 1975 में हुई, जिसके अन्तर्गत विभिन्न राज्यों में निर्धारित मानकों के आधार पर गरीबी उन्मूलन के साथ रोजगार सृजन, खाद्य सुरक्षा, निर्धनों के लिए आवास के आधार पर प्रत्येक राज्य की प्रगति का जायजा लिया जाता था।

प्रश्न 2. गैर-कांग्रेसवाद से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर—कांग्रेस को सत्ता से अलग करने के लिए समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया द्वारा प्रस्तुत की गई विचारधारा को गैर-कांग्रेसवाद के नाम से जाना जाता है।

प्रश्न 3. सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ ? (म.प्र. 2022)

उत्तर—सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में लागू हुआ।

प्रश्न 4. 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों कहा जाता है ?

उत्तर—(i) 1960 के दशक को 'खतरनाक दशक' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि भारत ने पंचवर्षीय योजनाएँ 1951 से ही अपना ली थी लेकिन 1960 के दशक में कृषि की दशा बद से बदतर होती गई। सन् 1965 से 1967 के बीच देश में अनेक हिस्सों में सूखा पड़ा।

(ii) बिहार में खाद्यान्न संकट सबसे ज्यादा विकराल था।

प्रश्न 5. गरीबी घटाओ कार्यक्रम में कौन-कौन से कदम उठाये गये ?

उत्तर—गरीबी घटाओं कार्यक्रम में बीस सूत्रीय कार्यक्रम जो सन् 1975 में इन्दिरा गाँधी द्वारा शुरू किया गया और बाद में 1982 और 1986 में फिर से इसका पुनर्गठन किया गया। बीस- सूत्रीय कार्यक्रम में शामिल थे—ग्रामीण गरीबी पर हमला, वर्षा आधारित कृषि के लिए रणनीति, स्वच्छ पीने का पानी, सभी के लिए स्वास्थ्य शिक्षा में विस्तार।

प्रश्न 6. भारत के आठ प्रधानमंत्रियों के नाम क्रम से लिखिये।

उत्तर—भारत के आठ प्रधानमंत्रियों के नाम क्रमानुसार—

(i) पं. जवाहर लाल नेहरू, (ii) गुलजारी लाल नंदा, (iii) लाल बहादुर शास्त्री, (iv) इन्दिरा गाँधी, (v) मोरार जी देसाई, (vi) चौधरी चरण सिंह, (vii) राजीव गाँधी, (viii) विश्वनाथ प्रताप सिंह।

प्रश्न 7. 'आयाराम गयाराम' को समझाइये।

उत्तर—भारतीय राजनीति में नेताओं का पार्टी बदलना बड़ा आम हो गया है। सालों तक किसी पार्टी से जुड़े रहने के बावजूद नेता मनमाफ़िक सम्मान न मिलने पर पाला बदलते देखे गए हैं। नेताओं, विधायकों या सांसदों के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं थी और न है। इस तरह के नेताओं व विधायकों को दलबदलू कहा जाता है। भारत में पाला बदलने की इस प्रवृत्ति के लिए आयाराम और गयाराम वाक्य का उपयोग किया जाता है।

प्रश्न 8. गठबंधन की राजनीति क्या है ?

उत्तर—गठबंधन सरकार एक संसदीय सरकार की कैबिनेट होती है, जिसमें कई राजनीतिक दल सहयोग करते हैं, जिससे गठबंधन के भीतर किसी भी एक दल का प्रभुत्व कम रहता है। इस व्यवस्था का आम कारण यह दिया जाता है कि कोई दल अपने बलबूते संसद में बहुमत प्राप्त नहीं कर सकता।

प्रश्न 9. कांग्रेस प्रणाली क्या है ?

उत्तर—1952 से 1964 के काल में कांग्रेस के राजनीतिक वर्चस्व के कारण विदेशी विद्वान मॉरिस-जॉन्स ने भारत की दल प्रणाली को एक दलीय प्रभुत्व की संज्ञा दी थी। इस तरह भारतीय विद्वान रजनी कोठारी दलीय दल प्रणाली के विश्लेषण हेतु 1964 में इसे कांग्रेस प्रणाली की संज्ञा दी।

प्रश्न 10. गैर-कांग्रेसवाद से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर—समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने सर्वप्रथम गैर-कांग्रेसवाद की बात की। 1967 के चुनाव केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही परन्तु राज्यों में उसकी स्थिति में व्यापक परिवर्तन आया और पहले तुलना में कांग्रेस राज्यों में कमजोर रही। राज्यों में सीटों के मामले में विपक्षी एक मंच पर आ गए। इसे ही कांग्रेसवाद कहा जाता है।

प्रश्न 11. 1969 में कांग्रेस किन दो भागों में बँट गई ?

उत्तर—1969 में कांग्रेस दो भागों में बँट गई— पुराने कांग्रेस को कांग्रेस-ओ (ऑर्गनाइजेशन) तथा नया यानी इंदिरा गाँधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को कांग्रेस-आर (रिक्विजिनिस्ट) कहा जाता था।

प्रश्न 12. कांग्रेस में सिंडिकेट क्या है ?

उत्तर—कांग्रेस नेताओं के एक समूह को अनौपचारिक तौर पर 'सिंडिकेट' के नाम से इंगित किया जाता है। इस समूह के नेताओं का पार्टी के संगठन पर नियंत्रण था।

प्रश्न 13. 1971 के लोकसभा चुनाव में किस राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त हुआ ?

उत्तर—1971 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गाँधी की कांग्रेस को बहुमत प्राप्त हुआ।

प्रश्न 14. 'गरीबी हटाओ' का नारा किसने तथा कब दिया ?

उत्तर—1971 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गाँधी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया।

प्रश्न 15. 1970 के दशक में इंदिरा गाँधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी ? (NCERT)

उत्तर—इंदिरा गाँधी समाजवादी नेता थी, उन्हें मालूम था कि भारत की बहुसंख्या जनसंख्या गाँवों में निवास करती है जो गरीबी रेखा से नीचे है, अतः भारत को विकास करने के लिए इन गरीबों को विकसित करना होगा, इस कारण उन्होंने अनेक योजनाएँ चालू की जिस कारण वो लोकप्रिय हुई। इनमें प्रमुख थे—गरीबी हटाओ, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, सामाजिक व आर्थिक नीति, प्रिवी पर्स की समाप्ति, 20 सूत्रीय कार्यक्रम आदि।

प्रश्न 16. 1960 के दशक की कांग्रेस पार्टी के संदर्भ में "सिंडिकेट" का क्या अर्थ है ? सिंडिकेट ने कांग्रेस पार्टी में क्या भूमिका निभाई ? (NCERT)

उत्तर—"सिंडिकेट" कांग्रेस के भीतर प्रभावशाली वरिष्ठ नेताओं का समूह था। इनमें शामिल प्रमुख नेता के. कामराज, एस.के. पाटिल, मोरारजी देसाई, एस. निजलिंगप्पा, एन. संजीव रेड्डी, अतुल्य घोष आदि थे। कांग्रेस पार्टी में इनकी भूमिका को निम्नलिखित बिन्दुओं में जाना जा सकता है—

(1) सिंडिकेट को "किंग मेकर" कहा जाता था। नेहरू की मृत्यु के बाद शास्त्री को तथा शास्त्री की मृत्यु के बाद इंदिरा गाँधी को प्रधानमंत्री बनाने में इनकी प्रमुख भूमिका थी।

(2) सिंडिकेट ने इंदिरा गाँधी के पहले प्रधानमंत्री काल में मंत्रिपरिषद् के गठन और नीतियों के निर्माण व क्रियान्वयन में प्रमुख भूमिका निभाई।

प्रश्न 17. प्रिवी पर्स क्या है ?

उत्तर—प्रिवी पर्स स्वतंत्रता के पश्चात् रियासतों का विलीनीकरण किया गया, तब सरकार ने रियासतों को निश्चित मात्रा में धन उपलब्ध रखने का अधिकार दिया था तथा सरकार की तरफ से विशेष भत्ते भी दिये जाते थे, जिसे प्रिवी पर्स कहा जाता था।

प्रश्न 18. दल-बदल का क्या अर्थ है ?

उत्तर—किसी विधायक का किसी दल के टिकट पर निर्वाचित होकर उसे छोड़ देना और अन्य किसी दल में शामिल हो जाना। किसी दल को छोड़ने के बाद विधायक का निर्दलीय रहना।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



76 | पुनरीक्ष परीक्षा बोध

12. वैश्वीकरण का सम्बन्ध विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव से है।

उत्तर— 1. असत्य, 2. असत्य, 3. सत्य, 4. असत्य, 5. असत्य, 6. सत्य, 7. असत्य, 8. असत्य, 9. असत्य, 10. सत्य, 11. सत्य, 12. सत्य।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए—

1. वैश्वीकरण की आवश्यकता कितने वर्ष पूर्व महसूस की गई थी ?
2. वैश्वीकरण द्वारा विश्व को किस रूप में बदलने की कल्पना की गई थी ?
3. कौन-से प्रधानमंत्री ने नई आर्थिक नीति की घोषणा की ?
4. भारत में नई आर्थिक नीति की घोषणा कब हुई ?
5. नई विश्व व्यवस्था के सूत्रधार कौन थे ?
6. सार्वजनिक क्षेत्र में आरक्षित उद्योगों की संख्या कितनी है ?
7. भारत में नई औद्योगिक नीति कब लागू की गई ?
8. आधुनिकीकरण के लिए किसका प्रयोग करना आवश्यक है ?
9. वैश्वीकरण की मुख्य विशेषता कौन-सी है ?
10. भारत भू-मंडलीकरण से कब जुड़ा ?
11. आर्थिक उदारीकरण क्या है ?
12. भारत में वैश्वीकरण का उद्देश्य क्या है ?
13. वैश्वीकरण के विरोध में स्थापित हुई किसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्था का नाम लिखिए।
14. 16 वीं 'वर्ल्ड सोशल फोरम' बैठक 13-17 मार्च, 2018 को कहाँ हुई ?
15. 50 वीं 'वर्ल्ड इकानोमी फोरम' कब एवं कहाँ हुई ?

उत्तर— 1. 25 वर्ष, 2. नई विश्व व्यवस्था के रूप में, 3. श्री पी. वी. नरसिम्हा राव, 4. 11 जुलाई 1991, 5. जार्ज बुश, 6. दो, 7. 24 जुलाई 1991, 8. उच्च तकनीक, 9. विकसित देशों की अर्थव्यवस्था के साथ विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था का सामंजस्य स्थापित करना ही वैश्वीकरण की मुख्य विशेषता है, 10. सन् 1991, 11. यह वह व्यवस्था है, जो राजनीतिक व्यवस्था में आने वाले उन परिवर्तनों को जिनके अंतर्गत राजनीतिक, सांस्कृतिक प्रक्रियाओं में परिवर्तन निहित है, आर्थिक उदारीकरण कहलाता है, 12. भारत का विश्व व्यापार से जुड़कर आर्थिक विकास करना वैश्वीकरण का प्रमुख उद्देश्य है, 13. वर्ल्ड सोशल फोरम (विश्व सामाजिक मंच), 14. सल्वाडोर (ब्राजील), 15. 21-24 जनवरी, 2020 को दावोस (स्विट्जरलैण्ड) में हुई।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है ? **(म. प्र. 2022)**

उत्तर—"किसी देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की अर्थव्यवस्था से एकीकृत करना ही वैश्वीकरण कहलाता है।"

प्रश्न 2. उदारीकरण से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर—व्यापार हेतु कानूनी नियंत्रण में ढील (छूट) देते हुए आयात-निर्यात को सरल बनाना ही उदारीकरण है। इसके अंतर्गत औद्योगिक लायसेंस प्रणाली में छूट दी जाती है।

प्रश्न 3. नवीन आर्थिक नीति के दो उद्देश्य लिखिए।

उत्तर—नवीन आर्थिक नीति के उद्देश्य निम्नलिखित हैं—

(1) स्वतंत्र व्यापार को प्रोत्साहन, (2) स्वतंत्र विनिमय दर, (3) समायोजित वित्तीय प्रणाली।

प्रश्न 4. नवीन आर्थिक सुधार के दो दोष लिखिए।

उत्तर—नवीन आर्थिक सुधार के दो दोष निम्नलिखित हैं— (1) सार्वजनिक क्षेत्र के स्थान पर निजी क्षेत्र को बढ़ावा, (2) आधारभूत उद्योगों की उपेक्षा, उपभोक्ता वस्तु उद्योगों को महत्व।

प्रश्न 5. भू-मण्डलीकरण के उदय के तीन कारण लिखिए।

उत्तर—भू-मण्डलीकरण के उदय के तीन कारण निम्नलिखित हैं— (1) राष्ट्रों की पारस्परिक निर्भरता, (2) विज्ञान एवं तकनीकी का विकास, (3) पर्यावरण सुरक्षा की समस्या।

राजनीति विज्ञान (स. प्र.) : कक्षा XII | 77

प्रश्न 6. भू-मण्डलीकरण के तीन लाभ बताइये।

उत्तर—भू-मण्डलीकरण के तीन लाभ निम्नलिखित हैं—(1) तकनीकी विकास, (2) विश्व अर्थव्यवस्था में संतुलन, (3) ज्ञान में वृद्धि तथा समानता की भावना में विकास।

प्रश्न 7. आर्थिक उदारीकरण के लाभ बताइये।

उत्तर—आर्थिक उदारीकरण के लाभ निम्नलिखित हैं—(1) आर्थिक उदारीकरण व्यापार को बढ़ाता है, (2) पूँजी का प्रसार तथा ज्ञान को बढ़ाता है, (3) इससे लोगों का प्रवाह बढ़ रहा है।

प्रश्न 8. आर्थिक उदारीकरण के चार उद्देश्य लिखिए।

उत्तर—आर्थिक उदारीकरण के उद्देश्य निम्नलिखित हैं—

(1) देश की अर्थव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाकर कृषि, उद्योग तथा परिवहन के क्षेत्र में तेजी से विकास करना, (2) वस्तुओं तथा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना, (3) व्यापसंधिक क्षेत्र में शासन तथा नौकरशाही के हस्तक्षेप को कम करते हुए प्रबंधकीय क्षमता विकसित करना, (4) सार्वजनिक क्षेत्र में एकाधिकार की समाप्त करना।

प्रश्न 9. वैश्वीकरण की चार विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर—वैश्वीकरण की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

(1) वैश्वीकरण से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय क्रियाकलाप तीव्र हो जाते हैं। (2) व्यापार का तेजी से विकास होने की वजह से इसमें बहुराष्ट्रीय निगमों का अधिक विकास होता है। (3) राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विश्व अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत होने की वजह से भौगोलिक एवं राजनीतिक गतिरोध समाप्त हो जाते हैं। (4) वैश्वीकरण की एक विशेषता यह है कि इसमें अंतर्राष्ट्रीय बाजार का प्रादुर्भाव होता है।

प्रश्न 10. वैश्वीकरण में किसका कोई महत्व नहीं है ?

उत्तर—वैश्वीकरण में भौगोलिक अथवा आर्थिक पृथक्करण का कोई महत्व नहीं होता है।

प्रश्न 11. वर्तमान में वैश्वीकरण के समक्ष कौन-सी चुनौतियाँ हैं ?

उत्तर—वर्तमान में वैश्वीकरण के समक्ष चार प्रकार की चुनौतियाँ—प्रतियोगिता बनाए रखना, सरकार एवं व्यापार नियमन, अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य का विकास करना तथा विविधता को व्यक्त करना है।

प्रश्न 12. वैश्वीकरण में कौन-सा देश दूसरे एवं तीसरे स्थान पर है ?

उत्तर—क्रमशः जापान एवं फिनलैण्ड।

प्रश्न 13. वैश्वीकरण के उत्तरदायी कोई दो कारण लिखिए।

अथवा

वैश्वीकरण को प्रेरित करने वाली दो परिस्थितियाँ लिखिए।

उत्तर—(1) प्रौद्योगिकी में हुए विकास, तथा (2) जनसाधरण की सोच में विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव का बढ़ना।

प्रश्न 14. वैश्वीकरण की प्रक्रिया में विश्व में कल्याणकारी राज्य की धारणा का स्थान किस धारणा ने ले लिया है ?

उत्तर—न्यूनतम हस्तक्षेपकारी राज्य।

प्रश्न 15. पर्चेजिंग पावर पैरेटी (PPP) का अर्थ लिखिए। **(म. प्र. 2022)**

उत्तर—पर्चेजिंग पावर पैरेटी अर्थात् क्रय शक्ति समता है जो अंतर्राष्ट्रीय विनिमय का एक सिद्धांत है, जिसके अनुसार विभिन्न देशों में एकसमान वस्तुओं की कीमत समान रहती है।

प्रश्न 16. WSF क्या है ? अर्थ लिखिए। **(म. प्र. 2022)**

उत्तर—विश्व सामाजिक मंच है, जो एक नागरिक समाज संगठन की एक वार्षिक बैठक है, जिसे पहली बार ब्राजील में आयोजित किया गया था।

प्रश्न 17. वैश्वीकरण के मध्यमार्गी समर्थकों का क्या अभिमत है ?

उत्तर—वैश्वीकरण ने चुनौतियाँ प्रस्तुत की हैं जिनका सावधानीपूर्वक पूरी समझदारी से सामान्य करना चाहिए। ●●

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



स्वतंत्र भारत में राजनीति

अध्याय 8

राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ

[CHALLENGES OF NATION-BUILDING]

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए—

1. पाकिस्तान की बुनियाद है—
   (a) द्विराष्ट्र सिद्धांत (b) कट्टरपंथी सिद्धांत
   (c) धर्म निरपेक्षता का सिद्धांत (d) धर्मान्धता का सिद्धांत।
2. शरणार्थी समस्या का प्रमुख कारण था—
   (a) लोगों का स्वेच्छा से पलायन (b) लोगों का धर्म के नाम पर पलायन
   (c) लोगों का आत्मरक्षा के लिए पलायन (d) लोगों का अत्याचारों से बचने के लिए पलायन।
3. पाकिस्तान से हिन्दुओं के पलायन का मुख्य कारण था—
   (a) शासन द्वारा निष्कासन का आदेश
   (b) स्वेच्छा से भारत में बसने की इच्छा
   (c) आतंक और अत्याचारों से बचने की विवशता
   (d) भारत सरकार को बसने के लिए बुलाना।
4. स्वतंत्रता के समय भारत में देशी रियासतों की संख्या थी—
   (a) 565 (b) 560 (c) 359 (d) 599.
5. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम में शासकों को यह सुविधा दी गयी कि—
   (a) वे अपनी रियासत के स्वतंत्र शासक रह सकते हैं
   (b) वे अपनी इच्छानुसार भारत या पाकिस्तान में मिल सकते हैं
   (c) वे केवल भारत में ही रियासत का विलय कर सकते हैं
   (d) वे भारत या पाक में विलय या स्वतंत्र शासक बने रह सकते हैं।
6. भारत विभाजन के बारे में निम्नलिखित कौन-सा कथन गलत है— (NCERT)
   (a) भारत विभाजन द्वि राष्ट्र सिद्धांत का परिणाम था
   (b) धर्म के आधार पर दो प्रांतों पंजाब और बंगाल का बँटवारा हुआ
   (c) पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान में संगति नहीं थी
   (d) विभाजन की योजना में यह बात भी शामिल थी कि दोनों देशों के बीच आबादी की अदला-बदली होगी।
7. विदर्भ प्रदेश (क्षेत्र) किस राज्य में है—
   (a) मध्यप्रदेश (b) तमिलनाडु (c) बिहार (d) महाराष्ट्र।
8. 2 जून, 2014 को निम्न राज्य की स्थापना हुई—
   (a) उत्तराखण्ड (b) छत्तीसगढ़ (c) झारखण्ड (d) तेलंगाना।
9. सरदार वल्लभ भाई पटेल को जाना जाता है—
   (a) महात्मा (b) लौह पुरुष (c) कर्मवीर (d) वीर पुरुष।
10. आजादी के बाद भारत के सामने प्रमुख चुनौती थी—
    (a) लोकतंत्र को बनाए रखना (b) राष्ट्र निर्माण
    (c) औद्योगिक विकास (d) सामाजिक विकास।

11. ब्रिटिश अधीनता से आजाद समस्त रजवाड़ों की कुल संख्या थी—
    (a) 555 (b) 556 (c) 565 (d) 655.
12. समस्यापरक देशी रियासत थी—
    (a) हैदराबाद (b) भोपाल (c) जयपुर (d) अलवर।
13. रजवाड़ों के भारत में विलय के बाद भी किन तीन राज्यों ने भारत में सम्मिलित होना विलम्बित किया—
    (a) जूनागढ़, मैसूर, जम्मू-कश्मीर (b) हैदराबाद, उदयपुर, ट्रावनकोर
    (c) उदयपुर, कपूरथला, जम्मू-कश्मीर (d) जूनागढ़, हैदराबाद, जम्मू-कश्मीर।
14. कश्मीर के भारत में विलय के समझौते पर कब हस्ताक्षर किए गए—
    (a) 22 अक्टूबर, 1948 (b) 26 अक्टूबर, 1947
    (c) 26 अक्टूबर, 1945 (d) 22 अक्टूबर, 1946।
15. निम्नांकित में किस भाषा के आधार पर अक्टूबर 1953 में आंध्रप्रदेश राज्य का गठन हुआ—
    (a) कन्नड़ (b) तेलुगू (c) तमिल (d) मलयालम।
16. 'ट्रिस्ट विद डेस्टनी अर्थात् भाग्यवधू से चिर प्रतीक्षित भेंट' भाषण निम्नांकित में किससे संबंधित है—
    (a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (b) जवाहरलाल नेहरू
    (c) महात्मा गाँधी (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद।
17. राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन हुआ ? (म.प्र. 2022)

उत्तर—1. (a), 2. (c), 3. (c), 4. (a), 5. (d), 6. (d), 7. (d), 8. (d), 9. (b), 10. (b), 11. (c), 12. (a), 13. (d), 14. (b), 15. (b), 16. (b), 17. 1953 ई. में।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

1. भारत विभाजन के पश्चात् हुए साम्प्रदायिक दंगों ने ..... समस्या को जन्म दिया था।
2. जम्मू-कश्मीर का राजा ..... था।
3. वर्तमान में जम्मू-कश्मीर ..... है।
4. राज्य पुनर्गठन अधिनियम के आधार पर ..... राज्य तथा ..... केन्द्र शासित प्रदेश बनाए।
5. राज्य पुनर्गठन आयोग की नियुक्ति 29 दिसम्बर ..... में हुई।
6. ..... दो हिस्सों-ब्रिटिश प्रभुत्व वाले प्रान्त तथा देशी रजवाड़ों में था।
7. पाकिस्तान .....भावना को प्राथमिकता देता है।
8. भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान में बसने के लिये ..... को आधार बनाया गया था।
9. ..... के कारण पाकिस्तान से हिंदू भारत आये थे।
10. हिंदुओं के प्रति अत्याचार के प्रतिक्रिया स्वरूप भारत में ..... प्रारंभ हुआ।
11. जूनागढ़ ..... देश में अपनी रियासत का विलय करना चाहता था।
12. ..... कार्यवाही से हैदराबाद को भारत में मिलाया गया था।
13. जम्मू कश्मीर की राजधानी ..... है।
14. सिक्किम ..... को अलग राज्य बना।
15. रजवाड़ों के भारतीय संघ में विलय के सहमति पत्र को ..... कहा जाता है।
16. भारतीय रियासतों की संख्या ..... थी। (म.प्र. 2022)

उत्तर—1. शरणार्थी, 2. हरिसिंह, 3. संघ शासित प्रदेश, 4. चौदह, छः, 5. 1953, 6. ब्रिटिश इण्डिया, 7. द्वि-राष्ट्र सिद्धांत, 8. धर्म, 9. कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के अत्याचार, 10. सांप्रदायिक दंगा, 11. पाकिस्तान, 12. सैन्य, 13. श्रीनगर, 14. 10 अप्रैल, 1975, 15. इंस्ट्रूमेण्टल ऑफ एक्सेशन, 16. 565.

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



100 | युगबोध परीक्षा बोध

करना प्रारम्भ कर दिया। भारत और चीन के मध्य सीमा विवाद के समाधान हेतु श्रीमती भण्डारनायके की अध्यक्षता में छः देशों (श्रीलंका, बर्मा, इण्डोनेसिया, कम्बोडिया, मिस्र तथा घाना) के प्रतिनिधियों का कोलम्बो में सम्मेलन हुआ और 'कोलम्बो प्रस्ताव' तैयार किया गया, परन्तु चीन ने इन प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया। इस प्रकार दोनों के मध्य मतभेद और गतिरोध बढ़ते ही गये और सन् 1965 तथा सन् 1971 के भारत-पाक युद्धों में चीन का रुख पूर्णतया भारत विरोधी ही रहा।

प्रश्न 4. चीन का भारत पर आक्रमण का प्रभाव (परिणाम) भारतीय राजनीति पर क्या पड़ा ?

उत्तर— भारतीय राजनीति पर चीन आक्रमण के परिणाम निम्नलिखित हैं—

1. भारत की छवि (India's Reputation)—चीन युद्ध से भारत की छवि धूमिल हुई और इसका असर भारतीय सेना और भारतीय राजनीति पर भी पड़ा, सैनिक तैयारी न कर पाने के कारण नेहरू को आलोचना का शिकार होना पड़ा और उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया, तात्कालीन रक्षामंत्री श्री. के. कृष्णमेनन को मंत्रिमण्डल छोड़ना पड़ा। विपक्षी दलों भाकपा व माकपा प्रभावित हुआ। भाकपा कांग्रेस के साथ रही जबकि माकपा के कई नेताओं को चीन का पक्षधर होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

भारत में विरोधी दलों, जनता तथा कांग्रेस क्षेत्रों में भी सरकार की नीति और सुरक्षा की ओर की गई अनदेखी की कड़ी आलोचना हुई। इस युद्ध के समय सोवियत संघ तटस्थ बना रहा, उसने चीन को रोकने का कोई भी प्रयास नहीं किया। भारत को ब्रिटेन और अमरीका से सहायता की माँग करनी पड़ी।

2. कम्युनिस्टों पर प्रभाव (Impact on communist)—इस घटना ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में आई दरार को और चौड़ा किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का वह गुट जो सोवियत संघ के प्रति झुकाव रखता था वह कांग्रेस के समीप आया, परन्तु चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से प्रभावित गुट चीन के प्रति ही पक्षधर रहा। यह दरार इतनी बढ़ी कि 1964 में कम्युनिस्ट पार्टी विभाजित हो गई। चीन के प्रति झुकाव रखने वाले गुट ने अपनी अलग पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (CPM) के नाम से गठित कर ली।

3. भारत की घरेलू नीति (Domestic Policy of India)—चीन के भारत पर आक्रमण का एक प्रभाव यह पड़ा कि भारत सरकार ने उत्तर-पूर्व के इलाके की ओर ध्यान देना शुरू किया। अब तक ये इलाके पिछड़े हुए थे और इनके विकास तथा देखभाल पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया था। नागालैण्ड को अलग राज्य का स्तर प्रदान किया गया। मणिपुर और त्रिपुरा में केन्द्रीय प्रशासित प्रदेश होते हुए भी निर्वाचित विधानसभा और मंत्रिमंडल की व्यवस्था की गई। इस आक्रमण के बाद भारत ने अपनी सीमा सुरक्षा हेतु सैन्य शक्ति को सशक्त बनाने की ओर ध्यान दिया।

4. भारत चीन सम्बन्ध (Indo-China Relations)—चीन के साथ भारत के राजनीतिक सम्बन्ध टूट गए और दोनों देशों के बीच व्यापारिक सम्बन्ध तथा नाथूला का दर्रा, जो आपसी व्यापार का बड़ा साधन था, बंद कर दिया गया। इसे जुलाई 2006 में खोला गया। चीन और भारत के बीच सम्बन्धों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया 1976 में आरंभ हुई और 1979 में अटल बिहारी वाजपेयी जो उस समय भारत के विदेश मंत्री थे, चीन की यात्रा पर गए।

प्रश्न 5. भारत की परमाणु नीति की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

भारत सदैव निः शस्त्रीकरण का समर्थक रहने के बावजूद परमाणु हथियार बनाने के पक्ष में कौन-से तर्क देता रहा ? स्पष्ट कीजिए (कोई छः)।

उत्तर—भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर किसी परमाणु नीति की घोषणा नहीं की है, लेकिन परमाणु शक्ति व हथियारों के संबंध में उसके दृष्टिकोण के आधार पर भारत की परमाणु नीति की निम्न विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं—

राजनीति विज्ञान (म. प्र.) : कक्षा XII | 101

(1) भारत परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग हेतु प्रत्येक देश के अधिकार का समर्थक है। ईरान के मामले में वह उसके इस अधिकार का समर्थन किया है। (2) भारत आणविक शस्त्रों के अस्तित्व को अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा समझता है, इसलिए वह व्यापक परमाणु निःशस्त्रीकरण का समर्थक है। इसी का तात्पर्य यह है कि भारत आंशिक तथा भेदभावपूर्ण शस्त्र नियंत्रण उपायों को समर्थन नहीं करता। (3) भारत प्रत्येक देश का यह मौलिक अधिकार है कि वह अपनी सुरक्षा और आत्मरक्षा के लिए समुचित उपाय अपनी सुरक्षा आवश्यकताओं की दृष्टि से भारत ने परमाणु हथियारों का अपना विकल्प खुला रखने की घोषणा की है। (4) भारत परमाणु हथियारों के मामलों में पहले प्रयोग न करने के सिद्धान्त (No First Use) का समर्थक है। इसका अर्थ यह है कि जब तक भारत के विरुद्ध किसी देश द्वारा पहले परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं किया जायेगा तब तक भारत उसके विरुद्ध परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं करेगा। भारत ने यह घोषणा की है कि वह गैर-परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों के विरुद्ध परमाणु हथियारों का प्रयोग कभी नहीं करेगा। भारत की परमाणु नीति का मूल सिद्धांत 'पहले उपयोग नहीं है' इस नीति के अनुसार भारत किसी भी देश पर परमाणु हमला तब तक नहीं करेगा जब तक कि शत्रु देश भारत के ऊपर हमला नहीं कर देता। (6) भारत की परमाणु नीति को इतना सशक्त रखेगा कि दुश्मनों के मन में भय बना रहे। यदि किसी देश ने भारत पर परमाणु हमला किया तो इसका प्रतिशोध इतना भयानक होगा कि दुश्मनों को अपूरणीय क्षति होगी और वह जल्दी हमले से उभर नहीं पाएगा।

प्रश्न 6. भारत तथा विश्व राजनीति में बदलते गठबन्धन का वर्णन कीजिए।

उत्तर—भारत के स्वतंत्रता के समय पूरा विश्व दो गुटों में बँटा हुआ था, एक गुट जिसका प्रतिनिधित्व अमरीका कर रहा था, तो दूसरा गुट जिसका प्रतिनिधित्व सोवियत संघ कर रहा था, इन दोनों गुटों में से किसी भी गुट के सदस्य अधिकांश देश थे, इस समय में भारत ने नव स्वतंत्र राष्ट्र होने के बाद भी गुट निरपेक्षता की नीति का पालन किया।

1971 में पूर्वी पाकिस्तान को शेख मुजीबुर्रहमान ने स्वतंत्र बांग्लादेश की घोषणा कर दी, इससे रुष्ट होकर पाकिस्तान की सेना ने शेख को गिरफ्तार कर लिया और पूर्वी पाकिस्तान तथा उनके समर्थकों का नरसंहार किया जाने लगा। इससे डरकर लाखों लोगों ने पूर्वी पाकिस्तान छोड़कर बंगाल, असम, त्रिपुरा में शरण ले ली। इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा का संकट पैदा हो गया, इस समय अमरीका व ब्रिटेन ने पाकिस्तान के पक्ष का समर्थन किया, तब भारत ने अपनी सुरक्षा व संप्रभुता के लिए 1971 में सोवियत संघ के साथ "मित्रता, शान्ति व सहयोग की संधि" की। यह सैनिक संधि नहीं थी इसलिए इससे गुटनिरपेक्षता की नीति प्रभावित नहीं हुई।

1991 में सोवियत संघ के विखण्डन हो जाने से पूरे विश्व पर अमरीकी प्रभुत्व सर्वोच्च हो गया इस समय भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का पालन किया व अमरीका के प्रभुत्व में पूर्णरूप से न आकर विश्व के अन्य देशों के साथ अपने संबंध मजबूत करते रहा जिनमें प्रमुख देश थे जर्मनी, चीन, इण्डोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका आदि।

वर्तमान में भारत के सभी देशों के साथ मधुर संबंध हैं, भारत-पाक संबंधों में भी कई नई बातें जुड़ी हैं, लेकिन संबंधों को सामान्य करने व शांतिपूर्ण जीवन के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं।

प्रश्न 7. "विदेश नीति का निर्धारण घरेलू जरूरत और अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दोहरे दबाव में होता है।" 1960 के दशक में भारत द्वारा अपनाई गई विदेश नीति से एक उदाहरण देते हुए अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। (NCERT)

उत्तर— 1960 के दशक में भारत को अकाल व सूखा के कारण खाद्यान्न संकट से उबरने के लिए अमेरिका व अंग्रेजों से सहायता लेना पड़ा तथा चीन युद्ध के समय भी भारत को बाह्य सहायता पर आश्रित रहने [illegible] गई थी।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



प्रश्न 12. बिहार व गुजरात में किसने व क्यों आंदोलन किया ?

उत्तर—बिहार व गुजरात में छात्र ने खाद्यान्न की कीमतों में लगातार वृद्धि, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार आदि को लेकर आन्दोलन किया। जिसका साथ बाद में राजनीतिक दलों ने दिया।

प्रश्न 13. 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किसने किया ?

उत्तर—सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान जयप्रकाश नारायण ने दिया। सम्पूर्ण क्रांति के अनुसार सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्रों में आमूल-चूल परिवर्तन होना चाहिए जिससे लोकतंत्र की स्थापना हो सके।

प्रश्न 14. प्रेस सेंसरशिप का क्या अर्थ है ?

उत्तर—प्रेस सेंसरशिप के अनुसार अखबारों को कोई भी ख़बर छापने से पहले शासक दल की अनुमति लेनी पड़ती है।

प्रश्न 15. नजरबंदी निवारक निरोध क्या था ?

उत्तर—यह एक ऐसा कानून है जिसके अनार्गत लोगों को केवल इस शक के आधार पर गिरफ्तार किया जाना कि वे भविष्य में कोई अपराध कर सकते हैं।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. किन कारणों से 1980 में मध्यावधि चुनाव करवाने पड़े ? (NCERT)

उत्तर—क्योंकि जनता पार्टी मूलतः इंदिरा गाँधी के मनमाने शासन के विरुद्ध विभिन्न पार्टियों का गठबंधन था इसलिए शीघ्र ही जनता पार्टी बिखर गई और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार ने 18 माह में ही अपना बहुमत खो दिया। कांग्रेस पार्टी के समर्थन पर दूसरी सरकार चरण सिंह के नेतृत्व में बनी लेकिन बाद में कांग्रेस पार्टी ने समर्थन वापस लेने का फैसला किया। इस वजह से चरण सिंह की सरकार मात्र चार महीने तक सत्ता में रही। इस प्रकार 1980 में लोकसभा के लिए नए सिरे से चुनाव करवाने पड़े।

प्रश्न 2. 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए सरकार ने इसके क्या कारण बताए थे ? (NCERT)

उत्तर—(1) सरकार के मतानुसार चुनी गई सरकार को लोकतंत्र में विपक्षी दल उसकी नीतियों के अनुसार शासन नहीं चलाने दे रहे। वे बार-बार घरना-प्रदर्शन, सामूहिक कार्यवाही, राष्ट्रव्यापी आंदोलन की धमकियाँ देकर अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं जिसके कारण प्रशासन विकास के कार्यों पर पूरा ध्यान नहीं दे सकता। (2) सारी ताकत कानून-व्यवस्था की बहाली पर लगानी पड़ती है। इंदिरा गाँधी ने शाह आयोग को एक चिट्ठी में लिखा कि षड्यंत्रकारी ताकतें सरकार के प्रगतिशील कार्यक्रमों में अड़ंगे डाल रही थीं और उन्हें गैर-संवैधानिक साधनों के बूते सत्ता से बेदखल करना चाहती थीं।

प्रश्न 3. जनता पार्टी ने 1977 में शाह आयोग को नियुक्त किया था। इस आयोग की नियुक्ति क्यों की गई थी और इसके क्या निष्कर्ष थे ? (NCERT) (म.प्र. 2022)

उत्तर—(1) शाह आयोग का गठन "25 जून, 1975 के दिन घोषित आपातकाल के दौरान की गई कार्रवाई तथा सत्ता के दुरुपयोग, अतिचार और कदाचार के विभिन्न आरोपों के विविध पहलुओं" की जाँच के लिए किया गया था। आयोग ने विभिन्न प्रकार के साक्ष्यों की जाँच की और हजारों गवाहों के बयान दर्ज किए। गवाहों में इंदिरा गाँधी भी शामिल थीं। वे आयोग के सामने उपस्थित हुईं, लेकिन उन्होंने आयोग के सवालों के जवाब देने से इन्कार कर दिया। (2) शाह आयोग ने अपनी जाँच के दौरान पाया कि इस अवधि में बहुत सारी 'अति' हुई। भारत सरकार ने आयोग द्वारा प्रस्तुत दो अंतरिम रिपोर्टों और तीसरी तथा अंतिम रिपोर्ट की सिफारिशों, पर्यवेक्षणों और निष्कर्षों को स्वीकार किया। यह रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों में भी विचार के लिए रखी गई।

प्रश्न 4. 'युवा तुर्क' से आप क्या समझते हैं ? (NCERT)

उत्तर—20 वीं शताब्दी के शुरुआत में तुर्की में कुछ युवा नेताओं द्वारा वहाँ के आरोमन साम्राज्य की अधिनायकवादी नीतियों का विरोध किया। इन्हें युवा तुर्क के नाम से सम्बोधित किया गया। यह शब्द भारतीय राजनीति में भी वहीं से आया।

1970 के दशक में कांग्रेस के भीतर एक ऐसा युवा वर्ग उभरा जो उग्रवादी सामाजिक एवं आर्थिक सुधारों ...हिमायती था। इन नेताओं के इस अनौपचारिक समूह को 'युवा तर्क' की उपमा दी गई। कांग्रेस के इस ...र्ग में मुख्यतया चन्द्रशेखर, मोहन धारिया, कृष्णकान्त, सी. सुब्रामनियम तथा चरनजीत यादव इत्यादि ...ते थे। इन युवा तुर्क नेताओं ने कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में लागू आपातकाल का विरोध किया। अतः ...सी से निष्कासित कर दिया गया। कालान्तर में यही नेता नवगठित जनता पार्टी में सम्मिलित हो गए।

प्रश्न 5. 1977 के लोकसभा चुनावों में जहाँ कांग्रेस को उत्तर-पूर्वी राज्यों में भारी पराजय देखनी ...वहीं दक्षिण के राज्यों में उसका प्रदर्शन सन्तोषजनक था। इस विरोधाभाषी मतदान व्यवहार के क्या ...रण थे ?

उत्तर—1977 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को विरोधाभाषी मतदान व्यवहार का सामना करना पड़ा। ...विरोधाभाषी मतदान व्यवहार के प्रमुख कारण निम्नांकित थे—

(1) चूँकि आपातकालीन जुल्मों सितम दक्षिण भारत की अपेक्षा उत्तर भारत में अधिक थीं। अतः दक्षिण ...त में कांग्रेसी जनाधार अधिक प्रभावित नहीं हुआ था।

(2) दक्षिण के राज्यों में कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन इस कारण भी सन्तोषजनक रहा क्योंकि वहाँ कांग्रेसी ...नेता देवराज अर्स तथा बंगलराव जैसे योग्य एवं लोकप्रिय नेताओं के हाथों में था।

(3) आपातकाल के दौरान जिन नेताओं एवं राजनीतिक दलों ने कांग्रेस सरकार का विरोध किया था, उनमें ...से ज्यादातर का आधार उत्तरी भारत में ही था। अतः यहाँ कांग्रेस को भारी पराजय का सामना करना पड़ा।

प्रश्न 6. जनता पार्टी सरकार की कौन-सी नीतियाँ एवं कार्य महत्वपूर्ण थे ?

उत्तर—हालाँकि जनता पार्टी सरकार का कार्यकाल लगभग ढाई वर्ष तक ही रहा लेकिन उन्होंने इस छोटे ...से कार्यकाल में अनेक नीतिगत निर्णय लेकर केन्द्रीय शासन को नवीन दिशा प्रदान की थी। जनता पार्टी की निम्न ...नीतियाँ एवं कार्य महत्वपूर्ण थे—

(1) आपातकाल के दौरान 42वें संवैधानिक संशोधन द्वारा संविधान में जो अलोकतान्त्रिक संशोधन किए ...गए थे, जनता पार्टी सरकार द्वारा 44वें संवैधानिक संशोधन द्वारा उन्हें सुधारने का प्रयत्न किया।

(2) समाजवादी नीतियों को लागू करने हेतु जनता पार्टी सरकार ने सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को ...समाप्त करके उसे कानूनी अधिकार का दर्जा दिया।

(3) जनता पार्टी शासन ने नेहरू के समाजवाद के स्थान पर गाँधीवादी समाजवाद की अवधारणा को ...अपनाने का प्रयास किया।

(4) ग्राम पंचायतों को मजबूती प्रदान करके सत्ता के विकेन्द्रीकरण का प्रयास भी जनता सरकार द्वारा किया ...गया जिसके लिए अशोक मेहता कमेटी गठित की गई।

प्रश्न 7. आपातकाल से हमें क्या शिक्षा प्राप्त होती है ?

उत्तर—1975 के आपातकाल के अनुभवों से हमें निम्न शिक्षा प्राप्त होती है—

(1) लोकतन्त्र में विपक्ष का महत्त्वपूर्ण स्थान है तथा विरोधी दलों एवं जनसाधारण के सहयोग से ही ...तानाशाही पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

(2) नागरिकों के मूलाधिकारों की सुरक्षा विशेषतया अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता की विशेष उपयोगिता है ...तथा इसकी रक्षा के समुचित उपाय किए जाने जरूरी है। इसी प्रकार लोकतन्त्र में संचार माध्यमों की आजादी भी ...परमावश्यक होती है।

(3) यदि लोकतन्त्र की रक्षा की जानी है तो शासन के तीनों अंगों-कार्यपालिका, विधायिका तथा ...न्यायपालिका में सन्तुलन बनाए रखने की जरूरत है।

(4) प्रशासनिक अधिकारियों को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उत्तरदायी बनाना भी जरूरी है तथा ...उनकी स्वविवेकीय शक्तियों को भी न्यूनतम किए जाने की आवश्यकता है।

(5) चूँकि गैर-सरकारी संगठन शासन की निरंकुशता पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जरूरी है, अतः उन्हें ...मजबूत बनाया जाना परमावश्यक है।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



96 | युगबोध परीक्षा बोध

प्रश्न 4. नेहरू युग तथा उत्तर युग की भारतीय विदेश नीति में क्या अन्तर है ?

उत्तर—जहाँ नेहरू युग की भारतीय विदेश नीति में आदर्शवादिता का तत्व प्रबल था वहीं उत्तर नेहरू में भारतीय विदेश नीति का झुकाव यथार्थवादिता पर है।

प्रश्न 5. 'ट्रैक-टू कूटनीति' से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर—जब निजी संस्थाओं एवं समूहों अथवा व्यक्तियों द्वारा दो अथवा अधिक देशों के बीच कूटनीति भूमिका का निर्वाह किया जाता है तो उसे 'ट्रैक-टू कूटनीति' कहा जाता है।

प्रश्न 6. 'ब्रिक्स' का अद्यतन 11वाँ शिखर सम्मेलन कब एवं कहाँ हुआ ?

उत्तर—'ब्रिक्स' का अद्यतन 11वाँ शिखर सम्मेलन 13-14 नवम्बर, 2019 को ब्रासीलिया (ब्राजील) में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सनारो द्वारा की गयी। इस सम्मेलन की थीम 'अभिनव भविष्य के लिए आर्थिक वृद्धि' थी।

प्रश्न 7. शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व का आशय स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—भारतीय विदेश नीति मैत्री एवं सह-अस्तित्व पर आधारित है। इस सम्बन्ध में पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था, "विश्व में आज अलगाववाद हेतु कोई स्थान नहीं है, हम दूसरों से अलग रहकर जीवित रहने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। हमें या तो सहयोग करना चाहिए अथवा युद्ध। हम शान्ति चाहते हैं। जब तक वश चलते हम किसी भी देश के साथ लड़ाई नहीं चाहते।" भारत की स्पष्ट मान्यता है कि यदि सह-अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया गया, तो परमाणु हथियारों से सम्पूर्ण संसार का विनाश हो जाएगा। अपनी सह-अस्तित्व की नीति की वजह से भारत ने विश्व के विभिन्न देशों के साथ मैत्री सन्धियाँ की हैं।

प्रश्न 8. भारतीय विदेश नीति हेतु हिन्द महासागर की उपयोगिता किन प्रमुख कारणों की वजह से है ?

उत्तर—भारतीय विदेश नीति हेतु हिन्द महासागर की उपयोगिता निम्नलिखित कारणों से है—

(1) हिन्द महासागर के शान्त एवं स्थिर रहने की परिस्थिति में ही भारतीय समुद्री सीमाएँ सुरक्षित हैं।

(2) भारत के सैकड़ों द्वीप हिन्द महासागर में स्थित हैं, अतः इनकी सुरक्षा हिन्द महासागर के शान्त रहने पर ही निर्भर करती है।

(3) भारत को अन्य महाद्वीपों से परस्पर जोड़ने वाले समुद्री एवं वायु मार्ग हिन्द महासागर क्षेत्र से गुजरते हैं, अतः यहाँ से सुरक्षित आवागमन इस क्षेत्र की शान्ति पर ही टिका हुआ है।

(4) तेल, खनिज एवं मछली पालन की योजनाएँ तथा जीवन के विविध क्षेत्र हिन्द महासागर से सम्बन्धित हैं, अतः इस दृष्टिकोण से इसकी उपयोगिता अत्यधिक बढ़ जाती है।

प्रश्न 9. भारतीय विदेश नीति के तीन उद्देश्य लिखिए।

उत्तर—भारतीय विदेश नीति के तीन उद्देश्य निम्नलिखित हैं—(1) राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा एवं संवर्धन करना। (2) अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए यथा सम्भव प्रयास करना। (3) अन्तर्राष्ट्रीय विधि में आस्था रखना।

प्रश्न 10. गुट निरपेक्षता और तटस्थता में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर— गुट निरपेक्षता का अभिप्राय है अन्तर्राष्ट्रीय गुटबाजी से अलग रहते हुए स्वतंत्र विदेश नीति। प्रतिक्रिया व्यक्त करना जबकि तटस्थता का अर्थ है अन्तर्राष्ट्रीय जगत की घटना के प्रति कोई प्रतिक्रिया नहीं करना।

प्रश्न 11. विदेश नीति का अर्थ लिखिए।

उत्तर— प्रत्येक देश की सरकार अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य राष्ट्रों से संबंध स्थापित करने व अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्नों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए कुछ निश्चित उद्देश्यों के आधार पर जो नीति निर्धारित करता है, वह उस देश की विदेश नीति कहलाती है।

राजनीति विज्ञान (म. प्र.) : कक्षा XII | 97

प्रश्न 12. गुट निरपेक्षता या असंलग्नता की नीति क्या है ?

उत्तर—गुट निरपेक्षता में न तो तटस्थता है और न ही समस्याओं के प्रति उदासीनता। इसमें सिद्धान्तों के आधार पर सक्रिय और स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की भावना निहित है।

प्रश्न 13. भारत-चीन युद्ध किस सन् में हुआ ?

उत्तर—भारत-चीन युद्ध सन् 1962 में हुआ।

प्रश्न 14. भारत-पाक युद्ध कब-कब हुआ ?

उत्तर— भारत-पाकिस्तान के बीच घोषित युद्ध सन् 1965 तथा सन् 1971 में हुआ।

प्रश्न 15. भारत-पाकिस्तान कलह का कारण लिखिए।

उत्तर—भारत-पाकिस्तान कलह का कारण निम्नलिखित है—

(1) कश्मीर की समस्या, (2) पाक समर्पित आतंकवादी गतिविधियाँ।

प्रश्न 16. नेहरू विदेश नीति के संचालन को स्वतंत्रता का एक अनिवार्य संकेतक क्यों मानते थे ? उत्तर में दो कारण बताएँ और उनके पक्ष में उदाहरण भी दें। (NCERT)

उत्तर—नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के साथ-साथ विदेश मंत्री भी थे। 1946 से 1964 तक भारतीय विदेश नीति को पूर्णतः प्रभावित किया। नेहरू की विदेश नीति का प्रमुख तत्व कठिन संघर्ष से प्राप्त संप्रभुता को बनाए रखना था। उनका मानना था कि विदेश नीति के सफल संचालन द्वारा ही स्वतंत्रता को बनाए रखा जा सकता है।

भारत गुटनिरपेक्षता की नीति का पालन करते हुए स्वतंत्र विदेश नीति निर्धारित करना चाहता था, जिससे देश हित में निर्णय ले सके। स्वतंत्र विदेश नीति के कारण ही भारत उपनिवेशिक प्रणाली का विरोध कर सका। उसने नव-स्वतंत्र देशों को भी दोनों खेमों से दूर रहने की सलाह दी तथा इंडोनेशिया की आजादी के लिए प्रयास किया।

प्रश्न 17. अगर आपको भारत की विदेश नीति के बारे में फैसला करने को कहा जाये तो आप उसकी किन दो बातों को बदलना चाहेंगे। ठीक इसी तरह यह भी बताइए कि भारत की विदेश नीति के किन दो पहलुओं को आप बरकरार रखना चाहेंगे। अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। (NCERT)

उत्तर—अगर मुझे भारतीय विदेश नीति के बारे में फैसला लेने का कहा जाये तो मैं निम्नलिखित दो बातों को बदलना चाहूँगा—

(1) सोवियत संघ के विघटित होने के बाद गुटनिरपेक्षता की प्रासंगिकता कम हो गई है। इसलिए मित्र राष्ट्रों के साथ संबंध बनाना होगा। जिससे देश का तीव्र विकास हो सके। (2) पड़ोसी देशों के साथ एक स्पष्ट नीति का क्रियान्वयन करना होगा।

निम्नलिखित दो पहलुओं को बरकरार रखना चाहूँगा—(1) सार्क देशों के साथ मजबूत संबंध को बरकरार रखना देशहित में होगा जिससे राजनीतिक, सामरिक और आर्थिक हित में वृद्धि हो सके। (2) देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए NPT तथा CTBT पर हस्ताक्षर न करने के निर्णय को बरकरार रखना चाहूँगा।

प्रश्न 18. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए— (NCERT)

(क) भारत की परमाणु नीति, (ख) विदेश नीति के मामलों पर सर्व-सहमति।

उत्तर— (क) भारत की परमाणु नीति—नेहरू आधुनिक भारत का निर्माण विज्ञान व प्रौद्योगिकी के सहारे चाहते थे। इसीलिए 1947 में ही भारतीय परमाणु कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया था। भारत ने परमाणु ऊर्जा के शान्तिपूर्ण या रचनात्मक प्रयोग का हमेशा समर्थन किया है। मई 1974 में भारत ने पहला परमाणु परीक्षण किया तथा मई 1998 में भारत ने पोखरण में दूसरा परमाणु परीक्षण किया। भारत ने NPT व CTBT को हमेशा भेदभावपूर्ण माना और इस पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। भारत ने परमाणु-शक्ति को केवल शांतिपूर्ण कार्यों की पूर्ति करने के लिए प्रयास करने पर बल दिया।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



प्रश्न 9. क्षेत्रीय आकांक्षाएँ क्या हैं ?

उत्तर—क्षेत्रीय आकांक्षाएँ एक क्षेत्र विशेष में निवास करने वाले लोगों की अपने क्षेत्र के प्रति विशेष लगाव व अपनत्व की भावना है।

प्रश्न 10. क्षेत्रीय आकांक्षाएँ देश की एकता के लिए कैसे खतरा पैदा कर सकती है ?

उत्तर—क्षेत्रीय आकांक्षाओं से देश में अलगाववाद की समस्या पैदा हो सकती है।

प्रश्न 11. ऑपरेशन ब्लू स्टार क्या था ? **(म. प्र. 2022)**

उत्तर—ऑपरेशन ब्लू स्टार भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक सैन्य अभियान था, जिसमें सरकार ने स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को मार भगाने में कामयाबी हासिल की।

प्रश्न 12. क्षेत्रवाद क्या है ?

उत्तर—भारत में क्षेत्रवाद एक बहुआयामी घटना है क्योंकि यह भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक-प्रशासनिक और मानस कारकों का एक जटिल समामेलन है।

प्रश्न 13. पृथकतावाद का अर्थ लिखिए।

उत्तर—जब किसी क्षेत्र के लोगों में क्षेत्रीय भावनाएँ तीव्र होने लगती हैं तथा राष्ट्र से अलग होने की भावना पैदी होती है तो उसे पृथकतावाद कहा जाता है।

प्रश्न 14. भारत के पाँच क्षेत्रीय दलों के नाम व कार्य क्षेत्र लिखिए।

उत्तर—1. आम आदमी पार्टी — दिल्ली व पंजाब
2. असम गण परिषद् — असम
3. अन्ना डी.एम.के. — तमिलनाडु
4. बीजू जनता दल — उड़ीसा (ओडिसा)
5. झारखण्ड मुक्ति मोर्चा — झारखण्ड।

प्रश्न 15. पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के नाम लिखिए।

उत्तर—असम, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, सिक्किम, त्रिपुरा, मणिपुर।

प्रश्न 16. क्षेत्रीयता के विकास के कारण लिखिए।

उत्तर—क्षेत्रीयता के विकास के कारण निम्नलिखित हैं—

(1) आर्थिक कारण, (2) भौगोलिक कारण (असमानता), (3) भाषा एवं जातिगत विभिन्नता, (4) सांस्कृतिक कारण, (5) राजनीतिक कारण, (6) अन्तर्राज्यीय विवाद।

प्रश्न 17. क्षेत्रीयता के दुष्परिणाम या प्रभाव लिखिए।

उत्तर— क्षेत्रीयता के दुष्परिणाम (प्रभाव) निम्नलिखित हैं—

(1) क्षेत्रीय संघर्ष और तनाव बढ़ना, (2) केन्द्र एवं राज्यों के मध्य टकराव, (3) अधिक स्वायत्तता और अलगाव की बढ़ती प्रवृत्ति, (4) संघीय क्षेत्रों द्वारा पूर्ण राज्य की माँग, (5) स्वार्थी नेतृत्व व संगठन को बल, (6) राष्ट्रीय एकता को खतरा, (7) भूमिपुत्र सिद्धान्त।

प्रश्न 18. क्षेत्रीयता की भावना को रोकने के उपाय सुझाइये।

उत्तर—रोकने के उपाय—(1) राष्ट्रीयता की भावना का विकास। (2) शिक्षा प्रणाली में सुधार। (3) समन्वित आर्थिक विकास। (4) परिवहन और संचार साधनों का समान विस्तार। (5) राष्ट्रभाषा को सम्मान दिलाना। (6) राजनीतिक वातावरण में सुधार। (7) गैर-सरकारी संगठनों का सहयोग।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. क्षेत्रवाद क्या है ? क्षेत्रवाद के कारण लिखिए।

उत्तर—भारत में क्षेत्रवाद—अति लघु उत्तरीय प्रश्न क्रमांक 12 देखिए।

भारत में क्षेत्रवाद के प्रमुख कारण—भारत में क्षेत्रवाद के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं—

भौगोलिक कारक—भौगोलिक सीमाओं के आधार पर क्षेत्रीय अभिविन्यास एक विशेष क्षेत्र के ...संबंधित है जो प्रतीकात्मक है, कम-से-कम भारतीय संदर्भ में। भौगोलिक सीमाओं के साथ भाषाई ...कारण यह अधिक है। निपटान पैटर्न में अंतर के साथ स्थलाकृतिक और जलवायु परिवर्तन लोगों में ...अवधारणा को प्रेरित करते हैं।

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारक—भारतीय परिदृश्य में ऐतिहासिक या सांस्कृतिक कारकों को ...पटना के प्रमुख घटक माना जा सकता है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक घटक सांस्कृतिक विरासत, ...मिथकों, प्रतीकवाद और ऐतिहासिक परंपराओं के माध्यम से क्षेत्रीयता की व्याख्या करते हैं। एक ...सांस्कृतिक समूह के लोग स्थानीय नायकों की नेक कामों और शानदार उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हैं। फिर ...राजनीतिक और आर्थिक वास्तविकताएँ हैं जिन्हें ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारकों के दायरे में ...जा सकता है।

3. जाति और क्षेत्र—भारतीय समाज में जाति व्यवस्था और धर्म क्षेत्रीयता पैदा करने में एक मामूली ...निभाते हैं। केवल जब जाति को भाषाई प्रभाव या धर्म के साथ जोड़ा जाता है तो यह क्षेत्रीय भावना का ...हो सकता है। इस तरह से धर्म इतना महत्वपूर्ण नहीं है सिवाय इसके कि जब इसे भाषाई समरूपता के ...जोड़ा जाए या डोगराटिज्म और रूढ़िवाद पर आधारित या आर्थिक अभाव के साथ जोड़ा जाए। हालाँकि, ...आम तौर पर एक धर्मनिरपेक्ष घटना है, जो एक सापेक्ष अर्थ में है और यह जाति की संबद्धता या धार्मिक ...को काट सकती है।

4. आर्थिक कारक—वर्तमान समय में, देश के विभिन्न हिस्सों में असमान विकास को क्षेत्रीयता और ...वाद के प्रमुख कारण के रूप में माना जा सकता है। देश में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ उद्योगों और कारखानों ...केन्द्रित किया गया है, शैक्षिक और स्वास्थ्य सुविधाएँ पर्याप्त रूप से प्रदान की जाती हैं, संचार शुद्ध कार्य ...किए गए हैं, तेजी से कृषि विकास संभव हुआ है। लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र भी हैं जहाँ सामाजिक आर्थिक ...के संदर्भ में स्वतंत्रता का मूल्य अभी तक महसूस नहीं किया जा सका है। बेशक, प्रशासन, व्यापार और ...के उद्देश्य के लिए उनकी उपयुक्तता के कारण इस तरह के व्यापक क्षेत्रीय बदलावों के लिए ब्रिटिश ...को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। लेकिन आजादी के बाद के युग में, औद्योगिक, कृषि और इससे ...आर्थिक विकास के मामलों में क्षेत्रीय संतुलन के लिए प्रयास किए जाने चाहिए थे। इस असमानता ने ...रूप से उपेक्षित क्षेत्रों के निवासियों के बीच सापेक्ष अभाव की भावना पैदा की है। इसने अलग राज्य ...— बोडोलैंड या झारखंड भूमि, उत्तराखंड, आदि की माँग में खुद को प्रकट किया है।

5. राजनीतिक-प्रशासनिक कारक—राजनीतिक दल, विशेष रूप से क्षेत्रीय राजनीतिक दल और साथ ...स्थानीय नेता क्षेत्रीय भावनाओं, क्षेत्रीय अभाव का फायदा उठाते हैं और उन्हें अपने गुटीय समर्थन के आधारों ...को मजबूत करने के लिए परिवर्तित करते हैं। वे अपने चुनावी घोषणा पत्र में क्षेत्रीय समस्याओं को जगह देते हैं और राजनीतिक और क्षेत्रीय विकास का वादा करते हैं।

प्रश्न 2. क्षेत्रीय दलों के उदय के प्रमुख कारण लिखिए।

उत्तर—क्षेत्रीय दलों के उदय के प्रमुख कारणों को निम्नांकित बिन्दुओं में जाना जा सकता है—

1. क्षेत्रीय असमानता—भारत एक विशाल तथा विविधतापूर्ण देश है। जिसके कुछ क्षेत्र अत्यंत विकसित व कुछ क्षेत्र अत्यंत पिछड़े हैं। स्वतंत्रता के पश्चात् पिछड़े क्षेत्रों के विकास की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया जिससे क्षेत्रीय असंतुलन अधिक हो गया। कांग्रेस से असंतुष्ट नेताओं ने क्षेत्र के विकास को लेकर क्षेत्रीय पार्टियों का गठन कर लिया।

2. कांग्रेस की कमजोर स्थिति—1964 में नेहरू की मृत्यु के बाद कांग्रेस के पास कोई सर्वमान्य नेता नहीं था। नेहरू की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री पद के लिए अनेक नेता सामने आ गए फिर शास्त्री की मृत्यु के बाद आपसी खींचतान व महत्वाकांक्षा चरम पर आ गयी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अनेक वरिष्ठ नेता अपने को उपेक्षित महसूस करने लगे थे। अंततः 1969 में कांग्रेस पार्टी का विभाजन हो गया। इससे कांग्रेस पार्टी कमजोर होती गयी जिस कारण क्षेत्रीय दलों का जन्म होने लगा।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



गत वर्ष के बोर्ड के प्रश्न पत्र को विद्यार्थियों की जानकारी हेतु दिया गया है जिसमें अधिकतम प्रश्न परीक्षा बोध से ही पूछे गये थे। विद्यार्थी इसे देखकर इस वर्ष पूछे जाने वाले प्रश्न पत्र के प्रारूप से अवगत हो जायेंगे और परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त कर सकेंगे। इनके उत्तर पुस्तक के अन्दर अध्यायानुसार विद्यार्थी देख सकते हैं।

बोर्ड प्रश्न-पत्र 2022

राजनीति शास्त्र (म. प्र.)

कक्षा XII

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 80

निर्देश—(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।
(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए—

1. क्यूबा का प्रक्षेपास्त्र संकट—
(a) 1962 (b) 1967 (c) 1968 (d) 1965.
2. यूरोपीय संघ—
(a) 1992 (b) 1990 (c) 1985 (d) 1991.
3. संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस—
(a) 24 अक्टूबर, 1945 (b) 26 जून, 1945
(c) 24 अक्टूबर, 1946 (d) 26 अक्टूबर, 1946.
4. परमाणु अप्रसार संधि—
(a) 1968 (b) 1944 (c) 1967 (d) 1962.
5. पृथ्वी सम्मेलन हुआ था—
(a) 1991 (b) 1992 (c) 1994 (d) 1990.
6. राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन हुआ—
(a) 1993 (b) 1950 (c) 1953 (d) 1951.

उत्तर— 1. (a), 2. (a), 3. (a), 4. (a), 5. (b), 6. (c).

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

1. खुले द्वार की नीति ..... के द्वारा अपनाई गई थी।
2. 18वाँ दक्षेस सम्मेलन ..... में हुआ था।
3. वैश्वीकरण की शुरुआत ..... में हुई।
4. भारतीय रिसायतों की संख्या ..... थी।

5. प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल ..... ।
6. वेंती आयोग की स्थापना ..... ।
7. बांडुंग सम्मेलन ..... में हुआ था।

उत्तर— 1. चीन, 2. काठमाण्डू, 3. 1991, 4. 565, 5. चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, 6. 1 जनवरी, 2015, 7. सन् 1955 में इंडोनेशिया के बांडुंग शहर में।

प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइये—

'अ'	'ब'
1. सीमित परमाणु परीक्षण सन्धि	(a) AASU
2. सोवियत संघ का विघटन	(b) B.K.U.
3. चीन द्वारा भारत पर आक्रमण	(c) 1991
4. आपातकाल	(d) 1962
5. भारतीय किसान यूनियन	(e) 1975
6. छात्र संगठन	(f) 1963.

उत्तर— 1. (f), 2. (c), 3. (d), 4. (e), 5. (b), 6. (a).

प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए—

1. श्रीलंका के जातीय संघर्ष में किस समुदाय की भूमिका प्रमुख है ?
2. आतंकवाद से सुरक्षा किस श्रेणी में आता है ?
3. भाषायी आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ ?
4. जय जवान जय किसान नारे का संबंध है।
5. महाश्वेता देवी के उपन्यास पर नक्सलवाद से संबंधित फिल्म।
6. पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रथम अध्यक्ष।
7. स्वतंत्र पार्टी के संस्थापक थे।

उत्तर— 1. तमिल समुदाय, 2. प्रथम श्रेणी, 3. आंध्रप्रदेश (1 अक्टूबर, 1953), 4. लालबहादुर शास्त्री, 5. पांचे पांचाली, 6. काका कालेलकर, 7. चक्रवर्ती राजगोपालाचारी।

प्रश्न 5. सत्य/असत्य बताइये—

1. शीतयुद्ध राष्ट्रों के बीच तनाव की स्थिति है।
2. 1990 में सोवियत संघ का विघटन हो गया था।
3. ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा चलाया गया था।
4. दक्षिण-पूर्व एशियाई संगठन की स्थापना 1967 में हुई थी।
5. सुरक्षा परिषद् को संयुक्त राष्ट्र का हृदय कहा जाता है।
6. पृथ्वी सम्मेलन में 70 देशों ने भाग लिया था।

उत्तर— 1. सत्य, 2. असत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य, 6. असत्य।

प्रश्न 6. विश्व शांति को खतरा किन कारणों से उत्पन्न हुआ ?
अथवा, तटस्थता का अर्थ लिखिये।

प्रश्न 7. द्विध्रुवीयता का अर्थ लिखिये।
अथवा, शॉक थैरेपी का अर्थ लिखिये।

प्रश्न 8. वर्चस्व का अर्थ लिखिये।
अथवा, पर्चेजिंग पावर पैरेटी (PPP) का अर्थ लिखिये।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



124 | युगबोध परीक्षा बोध

प्रश्न 6. आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव के विवादास्पद होने के क्या कारण थे ?

उत्तर—आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव के विवादास्पद होने का मुख्य कारण यह था, कि इस प्रस्ताव में पंजाब सूबे के लिए अधिक स्वायत्तता की माँग की गई, जो कि परोक्ष रूप से एक अलग सिख राष्ट्र की माँग को बढ़ावा देती है।

प्रश्न 7. जम्मू-कश्मीर की अंदरूनी विभिन्नताओं की व्याख्या कीजिए और बताइए कि इन विभिन्नताओं के कारण इस राज्य में किस तरह अनेक क्षेत्रीय आकांक्षाओं ने सर उठाया है।

उत्तर—जम्मू-कश्मीर में तीन राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र शामिल हैं— जम्मू, कश्मीर और लद्दाख।

(1) कश्मीर क्षेत्र वास्तव में कश्मीर घाटी है, जहाँ रहने वाले अधिकांश लोग कश्मीरी बोलने वाले मुस्लिम हैं। कश्मीरी-भाषी लोगों में अल्पसंख्यक हिंदू भी शामिल हैं।

(2) जम्मू क्षेत्र पहाड़ी तलहटी एवं मैदानी इलाके का मिश्रण है, जहाँ हिंदू, मुस्लिम और सिख यानि कई धर्म और भाषाओं के लोग रहते हैं।

(3) लद्दाख पर्वतीय इलाका है, जहाँ बौद्ध एवं मुस्लिमों की आबादी है, लेकिन यह आबादी बहुत कम है। इन अंदरूनी विभिन्नताओं ने क्षेत्रीय आकांक्षाओं को जन्म दिया है। 1989 से जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी राजनीति ने सर उठाया। इसने कई रूप लिए और इस राजनीति की कई धाराएँ हैं—

(i) अलगाववादियों का एक तबका कश्मीर को अलग राष्ट्र बनाना चाहता है यानि एक ऐसा कश्मीर जो न पाकिस्तान का हिस्सा हो और न भारत का।

(ii) कुछ अलगाववादी समूह चाहते हैं कि कश्मीर का विलय पाकिस्तान में हो जाए।

(iii) अलगाववादी राजनीति की तीसरी धारा के समर्थक चाहते हैं कि कश्मीर भारत संघ का ही हिस्सा रहे, लेकिन उसे और स्वायत्तता दी जाए।

वर्तमान समय में, अलगाववादी समूह अपनी बातचीत में भारत संघ के साथ कश्मीर के रिश्ते को पुनर्परिभाषित करने पर जोर दे रहे हैं।

प्रश्न 8. कश्मीर की क्षेत्रीय स्वायत्तता के मसले पर विभिन्न पक्ष क्या हैं ? इनमें कौन-सा पक्ष आपको समुचित जान पड़ता है ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

उत्तर—**कश्मीर की क्षेत्रीय स्वायत्तता के मसले पर विभिन्न पक्ष—**

बाहरी और आंतरिक विवाद (External and Internal disputes)— आजादी के बाद से ही जम्मू एवं कश्मीर की राजनीति हमेशा विवादग्रस्त एवं संघर्षयुक्त रही। इसके बाहरी एवं आंतरिक दोनों कारण हैं। कश्मीर समस्या का एक कारण पाकिस्तान का रवैया है। उसने हमेशा यह दावा किया है कि कश्मीर घाटी पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए। जैसा कि आप पढ़ चुके हैं कि 1947 में इस राज्य में पाकिस्तान ने कबायली हमला करवाया। इसके परिणामस्वरूप राज्य का एक हिस्सा पाकिस्तानी नियंत्रण में आ गया। भारत ने दावा किया कि यह क्षेत्र का अवैध अधिग्रहण है। पाकिस्तान ने इस क्षेत्र को 'आजाद कश्मीर' कहा। 1947 के बाद कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का एक बड़ा मुद्दा रहा है। आंतरिक रूप से देखें तो भारतीय संघ में कश्मीर की हैसियत को लेकर विवाद रहा है। आप जानते हैं कि कश्मीर को संविधान में धारा 370 के तहत विशेष दर्जा दिया गया है। धारा 370 एवं 371 के तहत किए गए विशेष प्रावधानों के बारे में आपने पहले ही पढ़ा होगा। धारा 370 के तहत जम्मू एवं कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा स्वायत्तता दी गई है। राज्य का अपना संविधान है। भारतीय संविधान की सारी व्यवस्थाएँ इस राज्य में लागू नहीं होतीं। संसद द्वारा पारित कानून राज्य में उसकी सहमति के बाद ही लागू हो सकते हैं।

इस विशेष स्थिति से दो विरोधी प्रतिक्रियाएँ सामने आईं। लोगों का एक समूह मानता है कि इस राज्य को धारा 370 के तहत प्राप्त विशेष दर्जा देने से यह भारत के साथ पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है। यह समूह मानता है कि धारा 370 को समाप्त कर देना चाहिए और जम्मू-कश्मीर को अन्य राज्यों की तरह ही होना चाहिए। दूसरा वर्ग (इसमें ज्यादातर कश्मीरी हैं) विश्वास करता है कि इतनी भर स्वायत्तता पर्याप्त नहीं है। कश्मीरियों के एक वर्ग ने तीन प्रमुख शिकायतें उठायी हैं। पहला यह कि भारत सरकार ने वायदा किया था कि कबायली घुसपैठियों

...र कर जब स्थिति सामान्य हो जाएगी तो भारत संघ में विलय के मुद्दे पर जनमत-संग्रह कराया ...ा गया। दूसरा धारा 370 के तहत दिया गया विशेष दर्जा पूरी तरह से अमल में नहीं ...स्वायत्तता की बहाली अथवा राज्य को ज्यादा स्वायत्ता देने की माँग उठी।

...नुसार समुचित पक्ष—(क) प्रश्न के लिए कहे गए उत्तर के अनुसार मेरी इच्छा है कि कश्मीर ...संविधान के अंतर्गत पर्याप्त स्वायत्तता दे दी जाए क्योंकि आधुनिक कश्मीर के जनक शेख अब्दुल्ला, ...और पौत्र (जो पर्याप्त समय तक उनके राजनैतिक उत्तराधिकारी भी रहे हैं) और जम्मू-कश्मीर के ...भाग जैसे लद्दाख और जम्मू की जनता लगभग शत-प्रतिशत आज भी अपने राज्य को भारतीय संघ ...और इसे धर्मनिरपेक्ष स्वरूप देने की पक्षधर है। जम्मू-कश्मीर की राजनैतिक पार्टियाँ कांग्रेस (आई), ...ता पार्टी, नेशनल फ्रंट भी पूर्णतया राष्ट्र में रखे जाने के पक्ष में हैं। ये चारों दल देश की एकता और ...में विश्वास रखते हैं और यहाँ तक कि कश्मीर की आम जनता भी पूर्णतया शांति से जीना चाहती है। ...तकवाद के कारण वर्षों से सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक हानियों और राजनैतिक दृष्टि से अशांत ...रहा है।

(ख) लोकतंत्र में चुनाव प्रतिनिधियों का निर्णय करता है। भारत का निर्वाचन आयोग अपनी निष्पक्षता ...यकारी के लिए विश्वविख्यात है। कई बार संयुक्त राष्ट्र के पर्यवेक्षक आए हैं और वे भविष्य में भी आ ...हैं। देश का हर नागरिक संविधान की दृष्टि में समान, स्वतंत्र, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय ...भोगने अधिकारी है। जो कश्मीर का हिस्सा पाकिस्तान के पास है, वह भी भारत का है। वैसे भी कश्मीरी ...का धर्म निरपेक्षता का रहा है। पाकिस्तान का एक धर्म की राजनीति पर आधारित राज्य है। कश्मीर को सभी ...सी हर समय विशेषकर गर्मियों में देखना चाहते हैं। ये इस हिस्से को अपने राष्ट्र का मुकुट, मस्तिष्क और ...धरती पर स्वर्ग मानते हैं।

(ग) भारत देश महान है और देश का हिस्सा बने रहने में सभी देशवासियों को कश्मीरियों सहित गौरव ...चाहिए। कुछ भ्रमवश अलगाववादी शत्रुता और ईर्ष्या की भावना रखने वाले देश हमारे पड़ोसी के उकसाने ...भ्रष्ट हो जाते हैं। समस्याएँ हर राष्ट्र के जीवन में आती हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि कश्मीर के लोग यथार्थता ...समझेंगे और कश्मीर का समझौता उन सभी पक्षों से हो जाएगा जो सभी के संविधान के दायरे में रखकर मान्य ...। हमारे एक प्रधानमंत्री ने तो पंजाब, मिजोरम और कई समझौते करके अनेक राजनीतिक समस्याओं का ...धान अपने ही कार्यकाल में कर लिया। मानव का आशावादी होना ही श्रेष्ठकर है।

प्रश्न 9. "असम आंदोलन सांस्कृतिक अभियान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली-जुली अभिव्यक्ति ..." व्याख्या कीजिए।

उत्तर— **असम आंदोलन का स्वरूप**—निःसंदेह असम आंदोलन सांस्कृतिक अभियान और आर्थिक ...ड़ेपन की मिली-जुली अभिव्यक्ति था। हम निम्न तथ्यों और बिंदुओं के आधार पर इस कथन की व्याख्या ...र सकते हैं—

(1) असम पूर्वोत्तर में सबसे बड़ा और ऐतिहासिक दृष्टि से प्राचीनतम राज्य रहा है। कुल मिलाकर पूर्वोत्तर ...त्र में 7 राज्य या बहनें हैं जिनमें चलाए गए समय-समय पर आंदोलन असम आंदोलन के हिस्से ही हैं। पूर्वोत्तर ...में बड़े पैमाने पर अप्रवासी आए हैं। इससे एक खास समस्या पैदा हुई है। स्थानीय जनता इन्हें 'बाहरी' समझती ...है और 'बाहरी' लोगों के खिलाफ उसके मन में गुस्सा है। भारत के दूसरे राज्यों अथवा किसी अन्य देश से आए ...लोगों को यहाँ की जनता रोजगार के अवसरों और राजनीतिक सत्ता के एतबार से एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखती ...है। स्थानीय लोग बाहर से आए लोगों के बारे में मानते हैं कि ये लोग यहाँ की जमीन हथिया रहे हैं। पूर्वोत्तर के ...कई राज्यों में इस मसले ने राजनीतिक रंग ले लिया है और कभी-कभी इन बातों के कारण हिंसक घटनाएँ भी होती ...हैं।

(2) 1979 से 1985 तक चला असम आंदोलन 'बाहरी' लोगों के खिलाफ चले आंदोलनों का सबसे ...अच्छा उदाहरण है। असमी लोगों को संदेह था कि बांग्लादेश से आकर बहुत-सी मुस्लिम आबादी असम में बसी ...हुई है। ...के मन में यह भावना घर कर गई थी कि इन विदेशी लोगों को पहचानकर उन्हें अपने देश नहीं भेजा

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in

3. नेताओं की महत्वाकांक्षा—राजनीतिक महत्वाकांक्षा के कारण अनेक क्षेत्रीय नेताओं ने सम्प्रदाय, जाति, जस्ल के आधार पर जनता को उकसाया और अलग राज्य बनाने की माँग करने लगे। बाद में यही नेता लोगों का साथ पाकर क्षेत्रीय दलों का गठन करने लगे।

प्रश्न 3. सिक्किम विलय की घटना का वर्णन कीजिए।

उत्तर—आजादी के समय सिक्किम एक पहाड़ी राज्य था और वहाँ की शासन-सत्ता राजा चोग्याल के हाथों में थी। लेकिन उसकी सुरक्षा तथा विदेशी मामलों का दायित्व भारत सरकार के जिम्मे था। इस प्रकार वह न तो पूर्ण रूप से संप्रभु था और न ही पूर्णरूपेण स्वतंत्र। सिक्किम की अधिकांश जनता नेपाली मूल की थी जबकि प्रशासन पर लेपचा-भूटिया नामक अन्य मूल के लोगों का वर्चस्व था। राजा चोग्याल स्वयं भी इसी वर्ग से था जो वहाँ की लोकतांत्रिक उमड़ को सँभालने में असफल साबित हुए।

काजी लैंदुप खांगसरपा (1904) ने लोकतंत्र की स्थापना के लिए आंदोलन चलाया और पहले सिक्किम प्रजामंडल तथा बाद में सिक्किम कांग्रेस बनाया। 1962 में उसने सिक्किम नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। 1974 में हुए चुनाव में इस पार्टी को भारी विजय मिली। इस पहले लोकतांत्रिक चुनाव के बाद सिक्किम विधानसभा ने भारत के सह-प्रांत बनने की अनुमति दी। इसके बाद अप्रैल, 1975 में पूर्ण विलय से संबंधित प्रस्ताव भी पारित हो गया। इसके बाद जनमत-संग्रह कराया गया और भारत ने 22 वें प्रांत के रूप में इसका अधिग्रहण कर लिया। विलय के बाद काजी लैंदुप खांगसरपा ने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया। इस प्रकार राजा चोग्याल के विरोध के बावजूद जनता के समर्थन से सिक्किम को भारत में अंग बना लिया गया।

प्रश्न 4. पूर्वोत्तर के लोगों की क्षेत्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति कई रूपों में होती है। बाहरी लोगों के खिलाफ आंदोलन, ज्यादा स्वायत्तता की माँग के आंदोलन और अलग देश बनाने की माँग करना ऐसी ही कुछ अभिव्यक्तियाँ हैं। पूर्वोत्तर के मानचित्र पर इन तीनों के लिए अलग-अलग रंग भरिए और दिखाइए कि किस राज्य में कौन-सी प्रवृत्ति ज्यादा प्रबल है ?

उत्तर—(1) बाहरी लोगों के खिलाफ आंदोलन-असम
(2) ज्यादा स्वायत्तता की माँग के आंदोलन-मेघालय
(3) अलग देश बनाने की माँग-मिजोरम



प्रश्न 5. पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे ? क्या ये प्रावधान पंजाब और उसके पड़ोसी के बीच तनाव बढ़ाने के कारण बन सकते हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

उत्तर—**पंजाब समझौते की पृष्ठभूमि**— 1970 के दशक में अकालियों को पंजाब में कांग्रेस पार्टी से ...ती क्योंकि वह सिख और हिन्दू दोनों धर्मों के दलितों के बीच अधिक समर्थन प्राप्त करने में सफल हो ...। इसी दशक में अकालियों के एक समूह ने पंजाब के लिए स्वायत्तता (autonomy) की माँग उठाई। ...ी आनंदपुर साहिब में हुए सम्मेलन में इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ। आनंदपुर साहिब प्रस्ताव में ...ायत्तता की बात उठायी गई थी। प्रस्ताव की माँगों में केन्द्र-राज्य संबंधों को पुनर्परिभाषित करने की बात ...ाई थी। इस प्रस्ताव में सिख 'कौम' (नेशन या समुदाय) की आकांक्षाओं पर जोर देते हुए सिखों के ...ाला' (प्रभुत्व या वर्चस्व) का ऐलान किया गया। यह प्रस्ताव संघवाद को मजबूत करने की अपील करता ...ख इसे एक अलग सिख राष्ट्र की माँग के रूप में भी पढ़ा जा सकता है।

80 के दशक में कुछ चरमपंथी सिखों ने पंजाब को एक अलग राष्ट्र (खालिस्तान) बनाए जाने के समर्थन ...लन शुरू कर दिया। यह हिंसक आंदोलन उग्र रूप ले रहा था। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ...ने बलपूर्वक कुचलने के लिए आंदोलनकारियों के अड्डे स्वर्ण मंदिर में सेना को घुसने की आज्ञा दी। इस ...लन 'ब्लू स्टार' का नाम दिया गया। इससे पंजाब में उग्रवाद और भड़का। इंदिरा गाँधी की हत्या इसी की ...कड़ी थी।

पंजाब समझौता तथा प्रमुख प्रावधान— (1) 1984 के चुनावों के बाद सत्ता में आने पर नए प्रधानमंत्री ...व गाँधी ने नरमपंथी अकाली नेताओं से बातचीत की शुरुआत की। अकाली दल के तत्कालीन अध्यक्ष ...रचन सिंह लोंगोवाल के साथ 1985 की जुलाई में एक समझौता हुआ। इस समझौते को राजीव गाँधी-...ोंगोवाल समझौता' अथवा 'पंजाब समझौता' कहा जाता है।

(2) समझौता पंजाब में अमन कायम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस बात पर सहमति हुई ...क चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया जाएगा और पंजाब तथा हरियाणा के बीच सीमा-विवाद को सुलझाने के लिए एक ...लग आयोग की नियुक्ति होगी। समझौते में यह भी तय हुआ कि पंजाब-हरियाणा-राजस्थान के बीच रावी-...यास के पानी के बँटवारे के बारे में फैसला करने के लिए ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) बैठाया जाएगा।

(3) समझौते के अंतर्गत सरकार पंजाब में उग्रवाद से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने और उनके साथ ...बेहतर सलूक करने पर राजी हुई। साथ ही, पंजाब से विशेष सुरक्षा वाले अधिनियम को वापस लेने की बात पर ...भी सहमति हुई।

(4) जो भी हो, पंजाब में अमन न तो आसानी से कायम हुआ और न ही समझौते के तत्काल बाद। हिंसा ...का चक्र लगभग एक दशक तक चलता रहा। उग्रवादी हिंसा और इस हिंसा को दबाने के लिए की गई ...कार्यवाहियों में मानवाधिकार का व्यापक उल्लंघन हुआ। साथ ही, पुलिस की ओर से भी ज्यादती हुई। ...राजनीतिक रूप से देखें तो घटनाओं के इस चक्र में अकाली दल बिखर गया। केन्द्र सरकार को राज्य में राष्ट्रपति ...शासन लागू करना पड़ा। इससे राज्य में सामान्य राजनीतिक तथा चुनावी प्रक्रिया बाधित हुई। संशय और हिंसा ...से भरे माहौल में राजनीतिक प्रक्रिया को फिर से पटरी पर लाना आसान नहीं था।

शांति की पुनः स्थापना— (1) यद्यपि 1992 में पंजाब राज्य में आम चुनाव हुए लेकिन गुस्से में आई ...जनता ने दिल से मतदान में पूरी तरह भाग नहीं लिया। केवल 22 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान का प्रयोग किया। ...यद्यपि उग्रवाद को सुरक्षाबलों ने अंततः दबा दिया लेकिन अनेक वर्षों तक पूरी जनता-हिन्दू और सिख दोनों को ...ही कष्ट और यातनाएँ झेलनी पड़ीं।

(2) 1990 के दशक के मध्यवर्ती वर्षों में पंजाब में शांति बहाल हुई। 1997 में अकाली दल (बादल) ...और भाजपा के गठबंधन को बड़ी विजय मिली। उग्रवाद के खात्मे के बाद के दौर में यह पंजाब का पहला चुनाव ...था। राज्य में एक बार फिर आर्थिक विकास और सामाजिक परिवर्तन के सवाल प्रमुख हो उठे। हालाँकि धार्मिक ...पहचान यहाँ की जनता के लिए लगातार प्रमुख बनी हुई है लेकिन राजनीति अब धर्मनिरपेक्षता की राह पर चल ...पड़ी है।

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



प्रश्न 8. 1977 में केन्द्र में पहली बार जनता पार्टी की गैर-कांग्रेसी सरकार गठित हुई। इस परिवर्तन के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए।

उत्तर—1977 का लोकसभाई चुनाव लोकतन्त्र बनाम तानाशाही का चुनाव था जिसमें कांग्रेस की पराजय अथवा जनता पार्टी की विजय के लिए निम्न कारण उत्तरदायी थे—

(1) नागरिक स्वतन्त्रता हनन एवं शासकीय अत्याचार—आपातकाल की समयावधि में पुलिस एवं नौकरशाहों द्वारा जनसाधारण का भारी उत्पीड़न किया गया तथा लगभग 35 हजार लोगों को मीसा जैसे उत्पीड़क कानून के अन्तर्गत कारागारों में डाला गया। इस उत्पीड़न के खिलाफ लोग आक्रोशित हुए जिसका परिणाम कांग्रेस की हार तथा जनता पार्टी की जीत हुई।

(2) आर्थिक असन्तोष—आपातकाल से पूर्व ही लोग महँगाई, आवश्यक वस्तुओं की कमी तथा शासकीय वितरण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि से परेशान हो चुके थे। देश में आपातकाल लागू होने की वजह से वे विभिन्न आर्थिक समस्याओं का विरोध भी नहीं कर सकते थे। लोगों का इस बात को लेकर तीव्र असन्तोष 1977 के लोकसभाई चुनावों में कांग्रेस की पराजय के रूप में देखने को मिला।

(3) परिवार नियोजन कार्यक्रम की विफलता—चूँकि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आपातकाल के दौरान परिवार नियोजन अर्थात् नसबन्दी को बाध्यकारी तरीके से लागू किया अतः मुस्लिमों एवं ग्रामीणों में इसे लेकर डर का वातावरण बना। लोकसभाई चुनावों में लोगों ने इस भय पैदा करने वाले कार्यक्रम की वजह से जनता पार्टी को अपना भरपूर समर्थन दिया।

●●

अध्याय 13

क्षेत्रीय आकांक्षाएँ

[REGIONAL ASPIRATIONS]

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए—

1. **क्षेत्रीय असंतुलन से क्या अर्थ है—**
   (a) कोई भाग ज्यादा विकसित कोई भाग कम विकसित
   (b) सभी का विकास समान होता है
   (c) सभी पिछड़े रहते हैं
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।
2. **पूर्वोत्तर के राज्यों में शामिल नहीं है—**
   (a) नागालैण्ड (b) अरुणाचल प्रदेश (c) मिजोरम (d) केरल।
3. **क्षेत्रीय राजनीतिक दल नहीं है—**
   (a) आम आदमी पार्टी (b) शिवसेना (c) नेशनल कान्फ्रेंस (d) बहुजन समाज पार्टी।
4. **हरियाणा किस राज्य को विभाजित कर बनाया गया था—**
   (a) मध्यप्रदेश (b) उत्तरप्रदेश (c) जम्मू-कश्मीर (d) पंजाब।
5. **ऑपरेशन ब्लू स्टार किस राज्य के अलगाववादियों के विरुद्ध चलाया गया—**
   (a) पंजाब (b) जम्मू-कश्मीर (c) हरियाणा (d) बिहार।
6. **अनु. 370 के तहत् किस राज्य को विशेष दर्जा दिया गया है—**
   (a) जम्मू-कश्मीर (b) बिहार (c) पं. बंगाल (d) हरियाणा।

7. **"सात बहनें" नाम से किसे जाना जाता है—**
   (a) पूर्वोत्तर के सात राज्यों को (b) दक्षिण के सात राज्यों को
   (c) पूर्वोत्तर के सात राजनीतिज्ञों को (d) दक्षिण के सात राजनीतिज्ञों को।
8. **किस राज्य में सक्रिय अलगाववादी संगठन है—**
   (a) असम (b) छत्तीसगढ़ (c) पंजाब (d) उड़ीसा।
9. **निम्नांकित में किस आन्दोलन के अन्तर्गत 'उत्तर हर दिन बढ़ता जाए, दक्षिण हर दिन घटता जाए' लोकप्रिय नारा (स्लोगन) दिया गया—**
   (a) गोरखालैण्ड आन्दोलन (b) बोडोलैण्ड आन्दोलन
   (c) द्रविड़ आन्दोलन (d) असम आन्दोलन।
10. **डी. एम. के. ने तीन सूत्रीय आन्दोलन के साथ राजनीति में कदम रखा था—**
    (a) 1950-51 में (b) 1953-54 में (c) 1597-58 में (d) 1965-66 में।
11. **दक्षिण भारत के किस प्रसिद्ध राजनेता को 'थैरियार' के नाम से भी जाना जाता है—**
    (a) ई.वी. रामास्वामी नायकर (b) सी.एन. अन्नादुराई
    (c) एम. करुणानिधि (d) एम. जी. रामचन्द्रन।
12. **निम्नांकित में किस तमिल राजनीति में सर्वाधिक लोकप्रिय नेता माना जाता है—**
    (a) शशिकला नटराजन (b) जयललिता (c) करुणानिधि (d) एम. के. स्टालिन।
13. **सिक्किम लोकतन्त्र बहाली आन्दोलन के प्रमुख नेता कौन थे—**
    (a) काजी लेंदुप दोरजी खांगसरपा (b) अंगामी जापू
    (c) लालडेंगा (d) चोग्याल।

उत्तर— 1. (a), 2. (d), 3. (d), 4. (d), 5. (a), 6. (a), 7. (a), 8. (a), 9. (c), 10. (b), 11. (a), 12. (b), 13. (a).

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

1. आंध्रप्रदेश के निर्माण के लिए ..... ने आमरण अनशन किया था।
2. क्षेत्रीय असंतुलन से ..... बढ़ता है।
3. क्षेत्रीय असंतुलन राष्ट्रीय ..... में बाधक है।
4. शेख अब्दुल्ला ..... के मुख्यमंत्री थे।
5. स्वर्ण मंदिर ..... में है।
6. चकमा शरणार्थी ..... देश से आए हैं।
7. मिजो नेशनल फ्रंट के संस्थापक ..... थे।
8. चीन भारत के ..... राज्य को अपना बताता है।
9. भारतीय भू-भाग के ..... क्षेत्र को सात बहनों का भाग कहा जाता है।
10. 1979 में ..... ने विदेशियों के विरोध में एक आंदोलन चलाया।
11. ..... खुली अर्थव्यवस्था तथा कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के समर्थक थे।
12. तेलगु देशम पार्टी के संस्थापक ..... थे।

उत्तर— 1. श्री रामुलू, 2. तनाव, 3. विकास, 4. जम्मू-कश्मीर, 5. अमृतसर, 6. बांग्लादेश, 7. लालडेंगा, 8. अरुणाचल प्रदेश, 9. पूर्वोत्तर, 10. ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन, 11. राजीव गाँधी, 12. एन.टी. रामाराव।

प्रश्न 3. (I) सही जोड़ियाँ बनाइये—

(क)	(ख)
1. क्षेत्रीय असंतुलन का कारण	(a) भाषायी लगाव
2. क्षेत्रवाद के उदय के कारण	(b) आर्थिक स्थिति
3. क्षेत्रवाद का दुष्परिणाम	(c) आधारभूत ढाँचे का विकास

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in



132 | पुनरीक्ष परीक्षा बोध

(1) न्यूनतम एक चौथाई स्थान पिछड़े वर्गों हेतु प्रथम श्रेणी सेवाओं में आरक्षित किया जाए।
(2) इसी प्रकार द्वितीय श्रेणी सेवाओं में भी इस वर्ग के लिये 33.5 प्रतिशत आरक्षण दिया।
(3) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी सेवाओं में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का न्यूनतम प्रतिशत 40 होना चाहिए।
(4) तकनीकी शिक्षा, मेडिकल तथा वैज्ञानिक पाठ्यक्रमों में कम-से-कम 70% स्थान इस वर्ग हेतु सुरक्षित रखे जाएँ।
(5) पिछड़े वर्गों के कल्याणार्थ एक पृथक् मन्त्रालय गठित किया जाए।

प्रश्न 12. दो गठबंधनों/मोर्चों के नाम लिखिए जिन्होंने केन्द्र में क्रमशः 1989 एवं 1996 में सरका बनाई।

उत्तर—(1) राष्ट्रीय मोर्चा (1989), (2) संयुक्त मोर्चा (1996)।

प्रश्न 13. बामसेफ का गठन कब हुआ और क्यों ?

उत्तर—बामसेफ अर्थात् बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी क्लासेज एम्पलाइज फेडरेशन का गठन 1978 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यकों की राजनीतिक सत्ता की तरफदारी करने के लिए हुआ।

प्रश्न 14. नई आर्थिक नीति किस साल लागू हुई ?

उत्तर—नई आर्थिक नीति 1991 में लागू हुई।

प्रश्न 15. गठबंधन की राजनीति का दौर कब शुरू हुआ ?

उत्तर—1989 के चुनावों से भारत में गठबंधन की राजनीति का दौर शुरू हुआ। 1989 में राष्ट्रीय मोर्चे ने गठबंधन सरकार बनाई, 1996 और 1997 में संयुक्त मोर्चे ने, 1998 और 1999 में राजग ने तथा 2004 में यूपीए ने गठबंधन सरकार बनाई।

प्रश्न 16. भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख दो दृष्टिकोण लिखिए।

उत्तर—(1) राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय समन्वय पर बल।
(2) लोकतंत्र की स्थापना पर बल।

प्रश्न 17. गठबंधन की राजनीति क्या है ?

उत्तर—**गठबंधन का अर्थ**—ऑग के अनुसार—"मिलीजुली सरकार एक ऐसे सहयोगी प्रबंध का नाम है, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य सरकार के गठन या मंत्रिमण्डल के निर्माण के लिए एक हो जाते हैं।" इस तरह मिलीजुली या गठबंधन सरकार से आशय है, वह सरकार जिसमें एक या एक से अधिक राजनीतिक दल मिलकर सत्ता प्राप्त करते हैं व उसका संचालन करते हैं।

प्रश्न 18. गठबंधन सरकार के लाभ लिखिए।

उत्तर—भारत राज्यों का संघ है। गठबंधन सरकार बनने से संघवाद मजबूत होता है क्योंकि राज्यों के दलों और राज्यों को पर्याप्त महत्व दिया जाता है। गठबंधन बनने से क्षेत्रीय दलों का प्रभाव दिखाई देता है, जिससे क्षेत्र का विकास होता है।

प्रश्न 19. गठबंधन सरकार से हानियाँ लिखिए।

उत्तर—गठबंधन सरकार की प्रमुख हानियाँ निम्नलिखित हैं—

1. प्रधानमंत्री की कमजोर स्थिति—गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री की स्थिति कमजोर बनी रहती है, क्योंकि उसे डर रहता है कि ज्यादा सख्त रहने पर कहीं समर्थन वापस न ले लिया जाये।

2. निर्णय में देरी—किसी महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय निर्माण की स्थिति में देरी की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग दलों में मतभेद होता है।

●●

राजनीति विज्ञान (प्र. प्र.) : कक्षा XII | 133

मानचित्र कार्य

प्रश्न 1. दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित राज्यों की राजधानी को दर्शाइए—
(i) गुजरात, (2) तमिलनाडु, (3) असम, (4) उत्तरप्रदेश, (5) छत्तीसगढ़।

अथवा

मानचित्र में दर्शाए हुए पाँच राज्यों का नाम पहचानिए—
A, B, C, D, E तथा उनके सही नाम उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

उत्तर—

●●

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in

Join Telegram @ApniStudyOfficial
www.ApniStudy.in